


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22
सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14, अंक - 116 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 8 फरवरी 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास खबर...



### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका संघ की हड़ताल, सड़क पर उतर दिखाई ताकत, 1147 केंद्रों में लटक रहे ताले

**बीजापुर।** बीजापुर में पिछले 11 दिनों से अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर बेमुद्दत हड़ताल कर रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका संघ ने आज सड़क पर उतर कर अपनी ताकत दिखाई हैं। अब संघ की महिलाएं बुधवार को धरना स्थल में थाली- ताली बजाकर बजट की प्रतियां जलायेंगी। प्रांतीय आह्वान पर 28 जनवरी से अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर जिले के 1147 आंगनबाड़ी केंद्रों की 2000 कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से इसका सर्वाधिक असर जिले भर के 60369 गर्भवती, शिशुवती व एनिमिक महिलाओं सहित सामान्य बच्चे, कुपोषित बच्चे व किशोरी बालिका पर पड़ रहा हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ की महिलाओं ने बुधवार को जिला मुख्यालय में अपनी ताकत दिखाते हुए नगर में बड़ी रैली निकाली, जो नगर भ्रमण के बाद वापस धरना स्थल पहुंची। यहां धरना स्थल में संघ ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौपा।

#### ये हैं आंगनबाड़ी संघ की मांग

- आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को शासकीय कर्मचारी घोषित कर नर्सरी शिक्षक उन्नयन कर कलेक्टर दर पर वेतन दिया जाए।
- आंगनबाड़ी सहायिकाओं को कार्यकर्ता के रिक्त पद पर शत प्रतिशत व कार्यकर्ताओं को सुपरवाइजर पद पर शत प्रतिशत पदोन्नति देकर विभागीय सेवा भर्ती नियम में संसोधन किया जाए।
- आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रायमरी स्कूलों में प्रायमरी शिक्षक का दर्जा व वेतन दिया जाए।
- मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के बराबर समान काम का समान वेतन दिया जाए, तथा क्रेस कार्यकर्ताओं को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद पर समाहित किया जाए।
- रिटायरमेंट के बाद कार्यकर्तओं को 5 व सहायिकाओं को 3 लाख रुपये एकमुश्त दिया जाए। साथ ही मासिक पेंसन ग्रेज्युटी व समूह बीमा योजना लागू किया जाए।
- प्रदेश स्तर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं के रिक्त पदों को तत्काल भरा जाए एवं पोषण ट्रेक व अन्य कार्य के लिए मोबाइल नेट चार्ज नहीं दिया जाता। तब तक मोबाइल पर कार्य का दबाव न दिया जाए।



## सीएम भूपेश के भेंट मुलाकात में पहुंची मासूम, मानो कुछ कहना चाह रही हो?

**आरंग।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात अभियान के तहत आरंग विधानसभा अंतर्गत ग्राम समोदा पहुंचे। मुख्यमंत्री ग्राम समोदा में अपने भेंट मुलाकात कार्यक्रम के पहले मोतीराम चक्रधारी के आतिथ्य में भोजन के लिए पहुंचे। वहीं फोटोग्राफर ने एक फोटो क्लिक की है। जिसमें एक सुंदर बच्ची को गोद में लिए एक महिला खड़ी है। शायद वह महिला उसकी मां है। वह बच्ची बहुत ही प्यारी लग रही। मानो ऐसा लग रहा है कि वह बच्ची कुछ कहना चाह रही हो कि रूको मुझे भी कुछ कहना है।

## सलवा जुडूम के अगुवा रहे मधुकर राव का निधन, तेलंगाना के वारंगल में ली अंतिम सांस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** बीजापुर में नक्सलियों के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंक कर शुरू कि गई सलवा जुडूम अभियान के अगुवा रहे मधुकर राव का आज दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। बताया गया है कि मंगलवार सुबह उनके सीने में दर्द उठा था। उन्हें कुटरू से तेलंगाना के वारंगल ले जाया गया। यहां एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था।

शाम 6 बजे के करीब उनकी मौत गई है। वारंगल से उनका पार्थिव शरीर लाया जा रहा है। बुधवार को कुटरू में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। बता दें



कुटरू निवासी मधुकर राव उम्र 55 पहले पेशे से एक शिक्षक थे। वर्ष 2005- 2006 में नक्सलियों के खिलाफ कुटरू के अम्बेली से शुरू हुई सलवा जुडूम अभियान का हिस्सा बनकर उन्होंने शिक्षक के पद से त्याग पत्र दे दिया था। कुछ दिनों के बाद मधुकर राव सलवा जुडूम अभियान से जुड़कर इसकी अगुवाई करने लगे। वर्तमान में मधुकर राव कुटरू में ही पंचशील आश्रम का संचालन कर रहे थे।

### आरबीआई ने रेपो रेट में बढ़ोतरी का किया एलान

# होम लोन की EMI में होगा इजाफा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि आरबीआई ने रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। रेपो रेट में लगातार छठी बार केंद्रीय बैंक ने इजाफा किया है। रेपो रेट को 6.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.50 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले तीन दिनों तक आरबीआई की एमपीसी की अहम बैठक चली। इसके बाद बैठक की जानकारी और इस दौरान लिए गए फैसलों के लिए शक्तिकांत दास मीडिया से रूबरू होते हुए ये बातें कही।

#### आरबीआई के फैसले से बढ़ेगी होम लोन की ईएमआई

केंद्रीय बैंक के इस फैसले से होम लोन के ईएमआई में बढ़ोतरी हो जाएगी। रेपो रेट में बढ़ोतरी के बाद होम लोन के ईएमआई साथ-साथ कार लोन और पर्सनल लोन भी महंगा होगा। बता दें कि मई 2022 में रेपो 4 प्रतिशत था जो अब बढ़कर 6.5 प्रतिशत हो गया है। केंद्रीय बैंक के गवर्नर ने कहा कि बीते तीन वर्षो के दौरान वैश्विक परिस्थितियों के कारण दुनिया भर के बैंकों को ब्याज दरों में बढ़ोतरी का फैसला लेना पड़ा है। महंगाई पर नियंत्रण के लिए ये कठिन फैसले जरूरी थे।



#### महंगाई पर क्या बोले रिजर्व बैंक के गवर्नर?

महंगाई पर बोलते हुए आरबीआई गवर्नर ने कहा कि FY23 में महंगाई दर 6.7 फीसदी से घटकर 6.5 फीसदी रह सकती है। FY24 में रियल GDP ग्रोथ 6.4 फीसदी हो सकती है। FY24 की पहली तिमाही में GDP ग्रोथ 7.1 प्रतिशत से रहकर 7.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। आरबीआई गवर्नर की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार केंद्रीय बैंक के मौद्रिक पॉलिसी समिति के छह में से चार सदस्य रेपो रेट बढ़ाने के पक्ष में रहे। पॉलिसी का एलान करते हुए आरबीआई गवर्नर ने कहा है कि महंगाई में नरमी आई है और इसके प्रभावों पर RBI के एमपीसी की नजर बनी हुई है।

अप्रैल महीने से अब तक आरबीआई ने रेपो रेट में 2.5 प्रतिशत का इजाफा कर दिया है। ऐसे में अगर उक्त व्यक्ति के बैंक ने अपने होम लोन ब्याज दरों में न्यूनतम बढ़ोतरी भी की तो नई ब्याज दर 7.2+2.5=9.7 प्रतिशत होगी। अगर इस आधार पर ईएमआई कैलकुलेटर से गणना करें तो संबंधित व्यक्ति को मासिक ईएमआई के रूप में हर महीने 13,050 रुपये चुकाने होंगे। इस तरह दस वर्षों के दौरान उसे 13,050×120= 15,66,000 रुपये चुकाने होंगे। यहां हम पाते हैं कि उसे मूलधन के रूप में 10 लाख रुपये जबकि ब्याज के रूप में 15,66,000-10,00,000= 5,66,000 रुपये चुकाने पड़ेंगे। अप्रैल महीने के रेपो रेट के हिसाब से उसे 4,05,703 रुपये ब्याज के रूप में चुकाना पड़ रहा था नई गणना के हिसाब से उसे 5,66,000 रुपये ब्याज के रूप में चुकाने होंगे मतलब उसे 5,66,000- 4,05,703= 1,60,000 रुपये अतरिक्त चुकाने होंगे।

#### 10 लाख रुपये के 10 साल के होम लोन पर देना होगा 1.60 लाख अतिरिक्त ब्याज

मान लिजिए किसी व्यक्ति ने अप्रैल महीने से पहले किसी बैंक से 10 लाख रुपये का लोन 10 वर्षों के लिए 7.2 प्रतिशत की ब्याज दर पर लिया था। ईएमआई कैलकुलेटर की गणना के अनुसार उसे प्रति माह 11714 रुपये का ईएमआई चुकाना पड़ता था। इस तरह उसे 10 वर्षों में 11714 रुपये प्रति माह की दर से 120 महीनों (10) में 120×11714= 14,05,703 रुपये की राशि चुकानी पड़ती।

इससे पता चलता है कि उसे 10 लाख के लोन के बदले 14,05,703 रुपये चुकाने पड़ते मतलब उसे 14,05,703- 10,00,000= 4,05,703 रुपये ब्याज के तौर पर और 10 लाख रुपये मूलधन के रूप में चुकाने पड़ते।

#### वैश्विक आर्थिक परिदृश्य अब पहले की तरह गंभीर नहीं

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य अब उतना गंभीर नहीं दिख रहा है जितना कुछ महीने पहले था, प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में विकास की संभावनाओं में सुधार हुआ है, जबकि मुद्रास्फीति में गिरावट आई है। हालांकि मुद्रास्फीति अभी भी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है। आरबीआई गवर्नर ने कहा है कि वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही में महंगाई दर 5.6 प्रतिशत रह सकती है। RBI गवर्नर ने FY24 की पहली तिमाही में CPI (Consumer Price Inde&) के 5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है।

## शहर के नजदीक पहुंचे दर्जनों हाथी, लोग लेने लगे सेल्फी और बनाने लगे वीडियो

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कोरबा में लव हरदी बाजार वन परिक्षेत्र में से निकलकर हाथियों का झुंड शहर के नजदीक पहुंच गया। एक दर्जन हाथियों के झुंड में 6 नन्हे शावक भी शामिल थे। इस दौरान लोगों को जैसे ही पता चला तो वह भी वहां पहुंच गए। इस दौरान लोग सेल्फी लेते हुए दिखाई दिए। साथ ही वीडियो भी बना रहे थे।

दरअसल, हाथियों के आने की खबर से ग्रामीणों को लगी तो वह हाथी के देखने के लिए जंगल की तरफ आने लगे। ग्रामीणों की भीड़ को वन विभाग भी नहीं संभाल सका। हाथी से कुछ दूरी पर ग्रामीण मोबाइल से सेल्फी ले रहे थे, साथ ही वीडियो भी बना रहे थे। एक ग्रामीण हाथियों के झुंड को देख भागने लगा, जिससे वह गड्ढे में जा गिरा। उसे गंभीर चोटें आई हैं। ग्रामीण घायल को तुरंत गांव से बस्ती लेकर पहुंचे और अस्पताल में भर्ती कराया।



घायल की पहचान रेकी रामपुर बस्ती के रहने वाले रामकुमार के रूप में हुई है। ग्रामीणों के साथ वो भी हाथियों के झुंड को देखने गया था। जब हाथ ने हुंकार मारते हुए दौड़ाया है तो सभी भाग गए। वह हादसे का शिकार हो गया। घटना की सूचना पर वन विभाग की टीम मुस्तैद है। डिप्टी रेंजर कीर्ति कुमार ने बताया कि हाथियों के आने की सूचना के मिलते ही आसपास गांव में मुनादी कराई जा रही है कि कोई जंगल की तरफ न जाए और हाथियों से दूर रहे। हाथियों के झुंड में नन्हे शावक भी शामिल है।

## छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस ने बदला एलआईसी का नाम, कहा- 'अब भारतीय अडानी बीमा निगम'

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के पंडरी स्थित एलआईसी ऑफिस के सामने अडानी और केंद्र सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने गौतम अडानी के खिलाफ प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और गौतम अदानी मुर्दाबाद के नारे लगाए लगाए गए। साथ ही एसबीआई और एलआईसी का नाम बदलकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भारतीय जीवन बीमा निगम से बदलकर




अडानी बीमा निगम किया। इसका बैनर लगाकर प्रदर्शन किया गया। नरेंद्र मोदी और गौतम अदानी का मुखौटा पहनकर कार्यकर्ताओं ने विरोध जाताया।

#### पीएम पर लगाए गंभीर आरोप

प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि आज पूरे देश में गौतम अडानी ने नरेंद्र मोदी की सहायता से एलआईसी एवं एसबीआई का पैसा जो जनता जमा करती है। दोनों ही संस्थानों में इसका दुरुपयोग एक उद्योगपति ने प्रधानमंत्री की सहायता से किया है। आज 7 दिन हो जाने पर भी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मौन धारण करके बैठे हैं। जनता को जवाब नहीं दे रहे हैं। इस आंदोलन में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, राष्ट्रीय सचिव मिलन गौतम, प्रदेश उपाध्यक्ष विधि नामदेव, प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला, आस मोहम्मद, तुषार पांडे प्रदेश सचिव शान मोहम्मद, सोम ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## वर्ण/जाति व्यवस्था पर करना होगा होमवर्क

श्रीकंचनपथ




वर्ण या जाति व्यवस्था पर नया बवाल शुरू हो गया है. राम जन्मभूमि और राम मंदिर का बवंडर अब शांत हो चुका है। मंदिर बनने के साथ ही उतावलापन भी जाता रहा है। अब समय आ गया है हिन्दुओं को बांटने वाली वर्ण व्यवस्था पर चोट करने की ताकि सारे हिन्दू एकजुट होकर विदेशी धर्मों का विरोध कर सकें। पर इसकी शुरुआत ही गलत हो गई। कारण भी स्पष्ट है। वर्ण व्यवस्था पर मुंह खोलने से पहले महानुभावों ने होमवर्क नहीं किया। दरअसल, होमवर्क संस्कृति का ही लोप हो चुका है। लोग न तो पढ़ते हैं और न ही शोध करते हैं। कुछ जानना हुआ तो गूगल कर लिया। कच्ची पक्की जानकारी हासिल की और लगे ज्ञान बांटने। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत की एक टिप्पणी को लें। उन्होंने कहा कि ईश्वर की नजर में सभी समान हैं। मुंबई में संत रविदास की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जाति प्रथा ब्राह्मणों की देन है, जो गलत है। इसीका फायदा उठाकर बाहरी लोगों ने हमें बार-बार गुलाम बनाया। ब्राह्मणवाद के खिलाफ देश की एक बड़ी आबादी में आक्रोश है। भागवत शायद उन्हें एक मंच पर लाने की कोशिश कर रहे हैं। पर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कह दिया कि गीता में भगवान ने स्वयं कहा है कि चार वर्णों की रचना उन्होंने स्वयं की। पुराणों के अनुसार चार वर्णों की उत्पत्ति ईश्वर के मुख, छाती, भुजा और चरणों से हुई है। वहीं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने कहा कि जाति शब्द की उत्पत्ति ज्ञाति शब्द के अपभ्रंश के रूप में हुई। वस्तुत: जिसके पास जो ज्ञान था वह उसका ज्ञाता या ज्ञाति कहलाया। ज्ञाति ही चलन में जाति के रूप में प्रचलित हो गया। मानव जाति के विकास क्रम का अध्ययन करने वाले उनसे सहमत हो सकते हैं। सवाल यह नहीं है कि जाति या वर्ण व्यवस्था किसने बनाई, सवाल यह है कि क्या यह व्यवस्था आधुनिक भारत में प्रासंगिक है? शायद नहीं। आज सभी क्षेत्रों में सभी वर्णों के लोग आपस में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। शिक्षा, विज्ञान, सेना, खेल, आध्यात्म, सभी क्षेत्रों में सभी वर्णों के लोग हैं। कौन किससे बेहतर है, यह उसकी जाति तय नहीं करता। तो क्या यह आरक्षण के मूल पर किया गया एक हमला है? देश का एक बड़ा तबका जाति आधारित आरक्षण व्यवस्था के खिलाफ है। आज अनेक राज्यों में आरक्षण के प्रतिशत को लेकर घमासान हो रहा है। उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है।

यदि जाति/वर्ण व्यवस्था के खिलाफ आंधी उठी तो युवा वोटरों का ध्रुवीकरण हो जाएगा। वैसे भी निर्वाचन आयोग अब स्कूलों में जाकर बच्चों के वोटर आईडी बनाने वाला है। इसलिए 2023-2024 में होने वाले चुनावों में पहली बार वोट डालने वाले युवाओं की अच्छी खासी संख्या होगी। यदि इन्होंने जिद में आकर मतदान किया तो राजनीति में नए समीकरणों का बनना तय है।



## संपादकीय

### घृणा अपराध

जिस वक्त दिल्ली के जंतर-मंतर पर दिया गया एक धर्मगुरु का आपत्तिजनक भाषण सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, ठीक उसी समय एक अन्य मामले में आई सर्वोच्च न्यायालय की यह टिप्पणी बेहद मानीखेज है कि भारत में घृणा अपराध के लिए कोई जगह नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की पीठ ने उचित ही कहा है कि जब घृणा अपराधों पर कार्रवाई नहीं होती, तब माहौल खतरनाक बन जाता है। पीठ ने यह बात जुलाई 2021 में नोएडा में घटी एक घटना के पीड़ित की याचिका पर सुनवाई करते हुए कही। याचिकाकर्ता ने अदालत में गुहार लगाई थी कि उसके साथ धर्म के नाम पर बदसलूकी की गई और जब वह इसकी शिकायत दर्ज कराने पुलिस के पास गया, तो वहां से उसे बैरंग लौटा दिया गया। क्या विडंबना है, जिस मामले में त्वरित कार्रवाई से पीड़ित में प्रशासन का भरोसा, असामाजिक तत्वों में कानून का भय पैदा किया जा सकता था; पुलिस अपनी तत्परता से सुर्खरू हो सकती थी, उसके लिए एक नागरिक को आला अदालत की शरण लेनी पड़ी! ऐसे में, जंतर-मंतर का भाषण बताता है कि पुलिस-प्रशासन की लापरवाही के क्या नतीजे हो सकते हैं और आला अदालत की चिंता कितनी जायज है? यह चिंता इसलिए भी बड़ी है कि घृणा अपराध का दायरा धर्म तक सीमित नहीं है। इसके आगे वह जाति, नस्ल, रंग, लिंग, क्षेत्र और भाषा जैसी कई तरह की भूमि तलाशता है और अराजक तत्वों को नए-नए मोर्चे मुहैया कराता है। निस्संदेह, ऐसी घटनाएं सिर्फ भारत में नहीं हो रही हैं, पाकिस्तान-बांग्लादेश से तो हम नियमित रूप से ऐसी खबरें सुनते ही रहते हैं। आखिर कितने दिन हुए, जब ऑस्ट्रेलिया में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया गया या स्वीडन में पवित्र ग्रंथ की प्रतियां जलाई गईं? इंग्लैंड में तो पिछले वर्ष घृणा अपराधों में 26 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। हमें अपनी चिंता करनी है। हमारा देश जितनी विविधताओं भरा व विशाल आबादी वाला है, उसमें कानून-व्यवस्था संभालने वाली एजेंसियों से अधिक संवेदनशीलता की दरकार है। दुर्योग से इस कसौटी पर वे खरी नहीं उतरतीं। भारतीय संविधान ने अपने नागरिकों को जो शक्ति दी है, उसका यह अनुपम उदाहरण है कि एक नागरिक अपने मान-सम्मान व धार्मिक आजादी के संरक्षण के लिए देश की सर्वोच्च अदालत तक पहुंच जाता है और अदालत उसके सांविधानिक अधिकारों की रक्षा करते हुए राज्य को उसके दायित्व का स्मरण कराती है। मगर सवाल यह भी है कि आखिर कितने पीड़ित कानूनी जंग लड़ने की हैसियत रखते हैं? जिस तरह से घृणा अपराधों की प्रवृत्ति बढ़ रही है, और लोग आलोचना व अपराध का फर्क भूलते जा रहे हैं, उससे हमारे सामाजिक ताने-बाने को गंभीर चोट पहुंच सकती है। अभिव्यक्ति की आजादी आचरण में जिम्मेदारी की मांग करती है, मगर सोशल मीडिया के इस युग में जवाबदेही की कमी सबसे अधिक दिख रही है। ऐसे में, घृणा अपराधों के प्रति किसी किस्म की कोताही या पक्षधरता अराजक स्थिति की ओर ही ले जाएगी। सर्वोच्च अदालत ने सही कहा है कि राज्य प्रशासन पहले ऐसे कृत्यों को समस्या मानेंगे, तभी तो इसका समाधान ढूंढ़ पाएंगे। तमाम राजनीतिक पार्टियों को भी ऐसे तत्वों को हतोत्साहित करना चाहिए, क्योंकि घृणा अपराध जब राजनीतिक समर्थन व जनाधार जुटा लेते हैं, तो कितने खतरनाक हो जाते हैं, हमारे कई पड़ोसी मुल्कों की हालत यह साफ-साफ बता रही है।

> “ हमारा देश जितनी विविधताओं भरा व विशाल आबादी वाला है, उसमें कानून-व्यवस्था संभालने वाली एजेंसियों से अधिक संवेदनशीलता की दरकार है। दुर्योग से इस कसौटी पर वे खरी नहीं उतरतीं।

### मन अजायबघर से कम नहीं

यह मन की ही शक्ति है कि जहां कुछ नहीं होता, वहां भी यह एक निजी लोक रच लेता है। ऐसी स्थिति में वह सुख-दुख का स्वाद लेना नहीं भूलता। इसीलिए रुदन भी हमें संतुष्टि देता है। एक आश्रम में पहुंचे हुए सिद्ध-महात्मा रहते थे। उनके अनेक शिष्यों में से एक शिष्य बड़ा मुंहलगा, किंतु सेवापरायण था। वह सच्ची श्रद्धा से गुरु की सेवा में तत्पर रहता था। एक दिन गुरु ने प्रसन्न होकर पूछा, 'तुम वर्षों से मेरी सेवा कर रहे हो। क्या तुम्हें मुझसे कुछ लाभ पाने की इच्छा नहीं होती?' शिष्य ने उत्तर दिया, 'होती तो है, लेकिन आपके भय से मैं कुछ कह नहीं पाता।' गुरु बोले, 'डरो मत, निर्भय होकर इच्छा बताओ?' शिष्य ने हाथ जोड़कर कहा, 'बस मुझे ऐसी सिद्धि दे दीजिए, जिससे मैं दूसरों के मन में छिपी हरेक बात को जान सकूं। मैं भी आपकी तरह महात्मा होना चाहता हूं। शिष्य की बातें सुनकर गुरु मुस्कराए और कहा, 'महात्मा होना सरल नहीं होता, क्योंकि सरलता ही असली माहात्म्य है, फिर भी मैं तुम्हारी यह इच्छा पूरी कर देता हूं।' इतना कहकर उन्होंने लकड़ी का एक छोटा-सा डंडा निकाला और शिष्य को देते हुए बोले, 'इसे तुम जिसके भी सामने रखोगे, उसके मन के भीतर जो भी है, वह सब तुम्हें दिख जाएगा।' शिष्य ने सबसे पहले वह डंडा गुरु की ओर ही घुमाया। उसे वहां अनेक मक्खी, मच्छर भिनभिनाते दिखे। यह देखकर वह दुखी हो गया। गुरु ने कहा, 'अब इस लकड़ी को अपनी ओर घुमाकर देखो।' वैसा करने पर शिष्य और भी दुखी और भयभीत हो गया, क्योंकि उसके मन में सैकड़ों बिच्छू और सर्प अपनी जीभ लपलपाते घूम रहे थे। उसने भयभीत होकर वह डंडा गुरु के चरणों में रख दिया।

गुरु ने हंसते हुए शिष्य से कहा, 'कठोर सत्य को दुर्बल आंखें नहीं सह सकतीं। मनुष्य का मन सबसे दुर्गम और रहस्यमय है। पहले स्वयं को जानो, फिर दूसरों की फिक्र करो। मन की छानबीन करने से पहले तुम्हें आत्मज्ञान की जरूरत है। वस्तुत हम खुली आंखों से दुनिया को देखने के अभ्यस्त हैं, लेकिन संसार का अधिकांश भाग हमारी आंखों से ओझल है। सत्य जब तक छिपा रहता है, हमारे आकर्षण का विषय होता है। हमारा पूरा जीवन इस सच्चाई की तलाश में ही तो बीतता है। श्रीमद्भागवत के तो आरंभ में ही कहा गया है, सत्यम परम धीमहि। आदमी का मन किसी अजायबघर से कम नहीं होता। उसमें अतीत की घटनाओं का जाल होता है, तो वर्तमान की इच्छा-आकांक्षाओं के साथ भविष्य के स्वप्न भी होते हैं। उपनिषद में इनकी व्याख्या 'स्वप्न अवस्था' और 'सुषुप्ति अवस्था' के रूप में की गई है। यह मन की ही शक्ति है कि जहां कुछ नहीं होता, वहां भी यह एक निजी लोक रच लेता है। ऐसी स्थिति में वह सुख-दुख का स्वाद लेना नहीं भूलता। इसीलिए रुदन भी हमें संतुष्टि देता है। वाल्मीकि रामायण में तो मन की पीड़ा श्लोक बन गई है, शोक श्लोकत्व मागत।

**महेंद्र मधुकर**

### गांधी स्मारक कोष

कांग्रेस कार्यसमिति ने अपनी यह सम्मति प्रकट की है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की याद में एक स्मारक कोष की स्थापना की जाये। कोई भी व्यक्ति ऐसा न होगा, जो गांधी जी की याद को हमेशा जीवित न रखना चाहेगा। उनका व्यक्तित्व ही ऐसा अप्रतिम था जो करोड़ों हृदयों पर अपनी अमिट निशानी छोड़ गया है। उनकी शिक्षायें युग युग तक मानव को प्रेरणा देती रहेंगी। उनके स्थूल स्मारक तो न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में न जाने कितने बनेंगे। किन्तु केवल इन स्थूल स्मारकों से न किसी को संतोष होना चाहिए और न बापू की आत्मा को ही संतोष हो सकता है। उनका सच्चा स्मारक तो यही हो सकता है कि जिन आदर्शों के लिए गांधी जी जिये और मरे, उन्हें कार्यान्वित करने का प्रयास किया जाये। इस विषय में उनके देशवासियों पर विशेष जिम्मेदारी आती है। कांग्रेस कार्यसमिति ने सुझाया है कि जो स्मारक कोष स्थापित किया जाये, उससे अखिल भारतीय आधार पर उन रचनात्मक प्रवृत्तियों को चलाया जाये, जो गांधी जी को अपने जीवन में सर्वाधिक प्रिय रही हैं और जिन्हें आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने भगीरथ प्रयास किया था। गांधी जी द्वारा शुरू की गई रचनात्मक प्रवृत्तियों का उद्देश्य यही था कि भारत के जन-साधारण का, खासकर सात लाख देहातों में रहने वाले 'दरिद्र नारायण' का सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और नैतिक विकास हो।

> “ माना जाता है, सेंट्रल गैप में आठ मैग्निट्यूड से भी अधिक परिमाप का भूकंप आ सकता है। हालांकि, इसका केंद्र नेपाल में होगा, पर वह भूकंप हमें भी नुकसान पहुंचा सकता है।

# तुर्किये का जलजला जो कह रहा है

अतीद्र कु शुक्ला



तुर्किये से आ रही तबाही की तस्वीरें यह बताने के लिए काफी हैं कि भूकंप को क्यों सबसे अधिक जोखिम वाली प्राकृतिक आपदाओं में से एक माना जाता है। देखा जाए, तो भूकंप की आंतरिक प्रकृति में ही इस सवाल का जवाब छिपा हुआ है। जैसे- यह तुरंत व बड़े भूभाग में विध्वंस मचाने में सक्षम है; इसमें बर्बादी को रोकने का वक्त नहीं मिल पाता और सबसे बड़ी बात यह कि इसके पूर्वानुमान में हम अब तक सफल नहीं हो सके हैं।

भूकंप की घटना धरती की आंतरिक बनावट से जुड़ी है। पृथ्वी की सतह को, जिसे हम 'क्रस्ट' कहते हैं, मुख्य रूप से सात बड़े और आठ छोटे भागों में बांटा गया है। इसे 'टेक्टोनिक प्लेट' के नाम से जाना जाता है। इनमें से कुछ प्लेट एक-दूसरे की ओर, कुछ एक-दूसरे से दूर और कुछ एक-दूसरे से सटकर चलती हैं। तुर्किये का ज्यादातर हिस्सा आनातोलियाई प्लेट पर स्थित है। इसके बायीं ओर अरेबियन प्लेट है, तो दक्षिण व दक्षिण-पश्चिम में अफ्रीकन प्लेट। उत्तर दिशा में यूरेशियन प्लेट है। इस प्रकार आनातोलियाई प्लेट तीन प्लेटों के बीच में घंसी हुई है और चूंकि ये आपस में टकरा रही हैं, इसलिए चारों प्लेट में तनाव की स्थिति बनी रहती है। इसीलिए यह पूरा क्षेत्र भूकंप के लिहाज से काफी संवेदनशील बन जाता है, और यही कारण है कि यहां बड़े-बड़े भूकंप आते रहते हैं। 27 दिसंबर, 1939 को यहां एक विनाशकारी भूकंप आ चुका है, जिसमें 30 हजार से भी अधिक लोगों की जान गई थी। रिक्टर स्केल पर उसकी तीव्रता 8.2 दर्ज की गई थी। इसी तरह, नवंबर 1976 में 7.3 मैग्निट्यूड के भूंकप ने यहां 4,000 लोगों की जान ली थी। इस बार भी यहां 7.8 तीव्रता का भूंकप दर्ज किया गया है।

हमारा भूभाग एशियन प्लेट पर स्थित है, जो पास की यूरेशियन प्लेट से टकरा रही है। प्लेटों के टकराने से हिमालय का प्रादुर्भाव भी हो रहा है। इस तरह, देखा जाए, तो अपने यहां हिमालय में होने वाली हलचल के कारण और दूसरा, अंदरूनी फॉल्ट की वजट से भूकंप आते हैं। यहां भी 7 तीव्रता के भूकंप आ चुके हैं और जान-माल का व्यापक नुकसान पहुंचा चुके हैं। साल 2001 का गुजरात भूकंप इसका ज्वलंत उदाहरण है, जिसका केंद्र कच्छ था और तीव्रता 7.6 थी।

भूकंप में कितनी ऊर्जा निकलती है, इस पर हुए एक शोध का नतीजा चौंकाने वाला है। शोध के आंकड़े बताते हैं कि 5 तीव्रता वाले भूकंप से 200 टन टीएनटी ऊर्जा निकलती है। जब भूकंप की तीव्रता बढ़कर छह होती है, तो ऊर्जा भी बढ़कर 6,270 टन टीएनटी हो जाती है। इसी तरह, 7 तीव्रता पर 1.99 लाख टन टीएनटी ऊर्जा निकलती है और 8 मैग्निट्यूड पर 62.7 लाख टन टीनएटी ऊर्जा। इसका यह भी अर्थ है कि मैग्निट्यूड यानी तीव्रता में एक ईकाई में बदलाव होने पर ऊर्जा 30 गुना बढ़ जाती है। भुज में 7.6 परिमाप का भूकंप आया था और अभी तुर्किये में 7.8 तीव्रता का आया है, यानी मैग्निट्यूड में भले ही 0.2 का अंतर हो, लेकिन तुर्किये में भूकंप ने नौ गुना अधिक ऊर्जा पैदा की। इसकी मारक क्षमता का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि 1945 में नागासाकी पर जब परमाणु बम गिराया गया था, तो 20 टन टीएनटी ऊर्जा ही पैदा हुई थी।

बहरहाल, तुर्किये के इस भूकंप ने हम भारतीयों की चिंता भी बढ़ा दी है। हालांकि, अपने यहां खतरे को भांपकर पहले से चार जोन बनाए जा चुके हैं- जोन-2, जोन-3, जोन- 4 और जोन- 5। हिमालयी क्षेत्र को काफी संवेदनशील माना गया है। इन जोन में जोन- 5 के क्षेत्र हैं, जहां पर भूकंप आने का खतरा सबसे अधिक है। देश के पूर्वोत्तर इलाकों के अलावा, जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्से, लद्दाख के कुछ हिस्से, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, उत्तर बिहार के कुछ हिस्से आदि इसमें शामिल किए गए हैं। इसके बाद भूकंप के लिहाज से सबसे अधिक संवेदनशील इलाके जोन-4 के अंतर्गत रखे गए हैं, जिनमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्से और बिहार, पश्चिम बंगाल जैसे राज्य आते हैं।

भूकंप के अध्ययन की एक और अवधारणा है। यहां तीन गैप हैं- असम गैप, सेंट्रल गैप और कश्मीर गैप। गैप उसको कहते हैं, जहां काफी दिनों से भूकंप नहीं आया है, लेकिन आ सकता है। माना जाता है कि सेंट्रल गैप में 8 मैग्निट्यूड से भी अधिक तीव्रता का भूकंप आ सकता है। हालांकि, इसका केंद्र नेपाल में होगा, लेकिन वहां आने वाला आठ या इससे अधिक तीव्रता का भूकंप बिहार, उत्तर प्रदेश के साथ-साथ दिल्ली, विशेषकर यहां की बहुमंजिली इमारतों को नुकसान पहुंचा सकता है।

ऐसे में, बचने के उपाय पर हमें अधिक से अधिक ध्यान देना होगा। यह अब कोई अबूझ पहेली नहीं रही कि भूकंप से नुकसान नहीं होता, बल्कि इसके कारण जो इमारतें गिरती हैं, वे इंसानी जान को लीलती हैं। भूकंप से इमारतों को बचाने के लिए हर देश कुछ खास नियमों का पालन करते हैं। अपने यहां भी यह तय किया जा चुका है कि किस जोन में किस तरह के भवन बनने चाहिए। भूकंपरोधी इमारतों को बनवाने की वकालत भी बार-बार की जाती है। फिर, बिल्डिंग कोड भी अपने यहां बना हुआ है। अगर हम इनका पालन करें, तो निस्संदेह इमारतों के जमींदोज होने के कारण जाने वाली जान बचाई जा सकती है। इसी तरह, पुरानी इमारतों का सर्वे और उनमें जरूरी सुधार आवश्यक है। प्राथमिकता के आधार पर स्कूल और अस्पतालों से इसकी शुरुआत की जा सकती है। रेट्रोफिटिंग का यह काम आठ-दस साल पहले शुरू भी किया गया था, लेकिन यह काम कहां तक पहुंच सका है, यह स्पष्ट नहीं है। इस दिशा में हमें संजीदगी दिखाने की जरूरत है।

यह तो तय है कि प्लटों में हलचल से धरती हिलेगी और भूकंप आएंगे, लेकिन अगर बचाव के उपाय किए जाएं, तो नुकसान को कम से कम किया जा सकता है। पहाड़ी इलाकों में निर्माण-कार्यों में विशेष सावधानी बरतकर और ऐसे विकास-कार्यों से दूरी रखकर, जो प्लेट्स को प्रभावित करते हों, हम खुद को भूकंप से होने वाले नुकसान से बचा सकते हैं। पहाड़ों पर भूस्खलन और हिमस्खलन को ध्यान में रखकर भवनों अथवा इमारतों का निर्माण हमें कहीं अधिक सुरक्षित जिंदगी दे सकता है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# भारतीय क्रिकेट का बदलेगा चेहरा और ऊंची होगी उड़ान

मनोज चतुर्वेदी



भारतीय क्रिकेट का चेहरा फिर बदलने वाला है। इसकी छवि पहले से कहीं ज्यादा चमकदार और प्रभावी होने जा रही है। इस लिहाज से अगले एक-दो माह बहुत महत्वपूर्ण हैं। पुरुष क्रिकेट में भारतीय टीम के पास घर में टेस्ट मैचों में अजेय रहने के सिलसिले को बनाए रखने का मौका है। यह इम्तिहान उन्हें ऑस्ट्रेलिया जैसी दिग्गज टीम के खिलाफ पास करना है। यह समय भारतीय महिला क्रिकेट के लिए तो ऊंची उड़ान वाला है। जिस तरह से आईपीएल ने भारतीय क्रिकेट की शक्ल बदली है, उसी तरह पहली बार आयोजित महिला प्रीमियर लीग देश की महिला क्रिकेट में बड़ा बदलाव लाएगी। यही नहीं, पिछले दिनों महिला अंडर-19 टीम ने विश्व चैंपियन बनकर सीनियर महिलाओं को महिला टी-20 विश्व कप में झंडे गाड़ने के लिए प्रेरित किया है। कल अर्थात 9 फरवरी से ही क्रिकेट का नया दौर शुरू हो जाएगा, जब भारतीय पुरुष टीम अपने घर में ऑस्ट्रेलिया से दो-दो हाथ करेगी। 12 फरवरी को महिला क्रिकेट टीम टी-20 विश्व कप में पाकिस्तानी टीम से अपने पहले मुकाबले में उतरेगी और 13 फरवरी को भारत में दुनिया भर की महिला क्रिकेटरों की नीलामी होगी। पहले बात भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट श्रृंखला की। भारत को उसके घर में हराना ऑस्ट्रेलिया के लिए नाकों चने चबाने जैसा रहा है। यही वजह है, ऑस्ट्रेलिया भारत में वर्ष 2004 के बाद कभी टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है। उन्होंने इन दो दशकों में भारत के खिलाफ उसके घर में सिर्फ एक टेस्ट 2017 की सीरीज में जीता है। भारत के लिए यह सीरीज बहुत मायने रखती है, क्योंकि इसमें 3-1 से सीरीज जीतने से भारत को लगातार दूसरी बार वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में स्थान मिल जाएगा। भारत को एक दशक से ज्यादा समय से आईसीसी ट्रॉफी जीतने का इंतजार है, उसकी राह इस सीरीज से बन सकती है।

हम सभी जानते हैं कि दुनिया में सबसे ज्यादा पैसा भारतीय क्रिकेट में है और इसमें आईपीएल ने अहम भूमिका निभाई है। आईपीएल में खिलाड़ियों पर हुई धनवर्षा ने उनकी आर्थिक स्थिति को तो सुधारा ही है, साथ ही, प्रतिभाओं की भरमार करके क्रिकेट के स्तर को नई ऊंचाइयां प्रदान करने में अहम भूमिका निभाई है। अब आईपीएल की तर्ज पर ही महिला प्रीमियर लीग का आयोजन 4 मार्च से 26 मार्च तक होगा। जिस तरह से बिग बैश ने ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट की तस्वीर बदली है, उसी तरह का बदलाव भारतीय क्रिकेट में भी देखने को मिल सकता है।

उससे पहले महिला क्रिकेटरों की नीलामी होनी है। यह सही है कि महिलाओं की इस टी-20 लीग में पुरुषों की तरह पैसा नहीं है, लेकिन अच्छी बात है कि महिला क्रिकेट में पैसे की शुरुआत हो रही है। इस लीग में पहली बार पांच टीमें भाग लेंगी। इस लीग की लोकप्रियता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि नीलामी के लिए दुनिया भर की 1,500 क्रिकेटर ने पंजीकरण कराया है। आने वाले दिनों में भारत महिला पेशेवर क्रिकेटर का सबसे संपन्न केंद्र बन जाए, तो कोई आश्चर्य नहीं। पर इससे पहले दक्षिण अफ्रीका में महिलाओं का टी-20 विश्व कप 10 फरवरी से होने जा रहा है। क्या इस बार हमारी टीम का आईसीसी ट्रॉफी जीतने का सपना साकार हो पाएगा? भारतीय टीम टी-20 विश्व कप 2020 में उप-विजेता रही थी। भारत की अब तक की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटरों में शुमार मिताली राज भी विराट की तरह अपनी कप्तानी में विश्व कप जीतने के सपने को साकार नहीं कर सकीं। अब यह जिम्मेदारी हरमनप्रीत कौर के कंधों पर है। इस सपने को साकार करने के लिए भारतीय महिला टीम को 12 फरवरी को पाकिस्तान के विरुद्ध अपना अभियान शुरू करना है।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम को सेमीफाइनल में स्थान बनाने के लिए ग्रुप बी में पाकिस्तान के अलावा वेस्ट इंडीज, इंग्लैंड और आयरलैंड की चुनौती का सामना करना होगा। कहा जाता है कि किसी भी सफलता के लिए खिलाड़ी का मानसिक रूप से खुश होना जरूरी है। भारतीय महिला क्रिकेटर अपने अभियान का दूसरा मैच खेलने से पहले महिला प्रीमियर लीग की नीलामी में मिली रकम की खुशखबरी पा चुकी होंगी। यह खुशी उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित कर सकती है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# नेपाल विवाद में बेमतलब भारतीय एंट्री

पुष्परंजन

नेपाल के ताज़ा राजनीतिक विवाद में प्रधानमंत्री मोदी की ज़बरदस्ती एंट्री कराई जा रही है। यह सब करने वाले कोई और नहीं, उप-प्रधानमंत्री-सह-गृहमंत्री पद से बेदखल हो चुके रवि लामिछाने हैं। लामिछाने ने कहा, 'मोदी जी, आपके नाम पर लोग यहां पर लूट मचा रहे हैं, वे भारत और नेपाल के रिश्ते को आगे नहीं बढ़ा रहे हैं। कृपया मोदी जी आप आपके एजेंट के नाम पर जो लोग यहां काम कर रहे हैं, उनके ऊपर भरोसा करना बंद करिए। आप एक सीधी बातचीत के लिए आगे बढ़ें। कृपया उन लोगों को रोकें, जो भारतीय रुख का असली जानकार होने का दावा करते हैं। यदि आप वास्तव में नेपाल और भारत के बीच बेहतर रिश्ते चाहते हैं, तो किसी मध्यस्थ, पत्रकार, एजेंट या पब्लिशर को तैनात मत करिए।

27 जनवरी, 2023 को रवि लामिछाने कोर्ट के आदेश के बाद पद से हटाये गये, या स्वयं प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल को इस्तीफा सौंप आये, इससे नई दिल्ली का कोई लेना-देना नहीं रहा है। रवि लामिछाने नेपाल के मेनस्ट्रीम मीडिया पर भड़के हुए हैं। दोहरी नागरिकता पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च अदालत ने फैसला दिया कि वो न तो सरकार में मंत्री के काबिल हैं, न ही पार्टी में कोई पद उन्हें मिलना चाहिए। वो पहले नेपाली नागरिकता लें, फिर राजनीतिक पदों को हासिल करें।

पद त्याग देने की घटना के दो दिन बाद, रवि लामिछाने काठमांडो स्थित ज़िला प्रशासन कार्यालय गये, वहां से नागरिकता प्रमाण पत्र हासिल किया, उसके प्रकारांतर राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (रास्वपा) के दोबारा से अध्यक्ष बन गये। तब से लगातार कोशिश होती रही कि प्रचंड उन्हें उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री की कुर्सी दोबारा से दे दें। जब इसकी सूरत नज़र नहीं आ रही थी, तो रास्वपा के तीन मंत्रियों ने पद से इस्तीफा दे दिया। इनमें शिशिर खनाल शिक्षा-विज्ञान और प्रौद्योगिकी महकमें से, डोल प्रसाद आर्याल श्रम, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा मंत्री पद से, स्वास्थ्य और जनसंख्या राज्यमंत्री पद से डॉ. तोशिमा कार्की ने अपना त्यागपत्र प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल को सौंप दिया। सरकार को समर्थन देंगे, लेकिन मंत्री पद लामिछाने की वापसी के बिना नहीं।

लामिछाने ने फरवरी, 1994 में जिला प्रशासन कार्यालय, काठमांडो से वंशागत नागरिकता प्राप्त की थी। 2007 से 2017 तक अमेरिकी नागरिक होने का लाभ उठाया। मगर, नागरिकता अधिनियम की धारा 10 कहती है कि कोई भी नेपाली नागरिक जो स्वेच्छा से किसी विदेशी देश की नागरिकता प्राप्त करता है, वह स्वत: ही नेपाल की नागरिकता खो देगा। यदि कोई अपनी विदेशी नागरिकता का त्याग करता है तो नेपाली नागरिकता पुन: प्राप्त करने के लिए उसे आवेदन करना होगा। रवि लामिछाने नेपाल में राजा समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के महासचिव रह चुके उद्धव पौडेल के दामाद भी हैं। नेपाल फिल्म डेवलपमेंट बोर्ड का चेयरपर्सन रह चुकीं निकिता पौडेल से रवि लामिछाने ने 17 मई, 2019 को प्रेम विवाह किया था। शादी के समय अदालत में जो नागरिकता पत्र प्रस्तुत हुआ, वो भी जांच का विषय है।

5 फरवरी, 2023 को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में रवि लामिछाने ने बयान दिया कि नेपाल का मीडिया गैर ज़िम्मेदार है, कुछ मीडिया हाउस और संपादकों के निशाने पर मैं था, इसलिए यह सब हुआ है। रवि लामिछाने का यह बयान तूल पकड़ चुका है। फेडरेशन ऑफ नेपाल जर्नलिस्ट (एफएनजे) और नेपाल प्रेस यूनियन ने रवि लामिछाने के बड़बोलेपन को मुद्दा बना लिया है। इन संगठनों ने कहा कि यह पत्रकार बिरादरी पर हमला है, नेपाली मीडिया निष्पक्षता के मामले में पूरे दक्षिण एशिया में दूसरे स्थान पर है, ऐसा रिपोटर्स विदाउट बॉर्डर भी मानता है।

14 सितंबर, 1974 को भक्तपुर में जन्मे रवि लामिछाने ने रत्न राज कैंपस से हाईस्कूल तक पढ़ाई की, फिर अमेरिका के बाल्टीमोर से मास कॉम की पढ़ाई की। वहां सब-वे में नौकरी भी की। एक अमेरिकी नागरिक ईशा से विवाह किया। बताते हैं कि दोनों से एक बेटी भी हुई थी। ईशा से तलाक लेकर 2014 में रवि लामिछाने अमेरिका से काठमांडो आ गये, और टीवी जर्नलिस्ट बन गये। पत्रकार रवि लामिछाने का टीवी शो, सीधा कुरा (सीधी बातचीत) नेपाल में हिट था। उससे पहले एक और टीवी शो होस्ट करते थे, 'बुद्धा वाज़ बॉर्न इन नेपाल।' रवि लामिछाने ने कुछ स्टिंग आपरेशन भी किये थे।

टीवी टॉक शो में रवि लामिछाने की मसीहाई छवि ऐसी बनी कि नेपाल के आम आदमी को लगा कि यह बाक़ी शख्सियतों से अलग हैं, देश और समाज को बदल देगा। लामिछाने ने 16 जून, 2022 को 'ग्लैक्सी-4के टीवी' को अलविदा कहा, और 21 जून को राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (रास्वपा) बनाने की घोषणा कर दी। तब विश्लेषकों का आकलन था कि रवि लामिछाने की टीम, नेपाल में सबका सूपड़ा साफकर देगी। मगर, 20 नवंबर, 2022 के आम चुनाव में 'रास्वपा' के कुल 20 नेता सफल हो पाये। जिनमें सात निर्वाचित और 13 समानुपातिक प्रतिनिधित्व के ज़रिये सांसद बने।

निर्वाचितों में चितवन-2 से जीत हासिल कर चुके रवि लामिछाने भी थे। रवि लामिछाने की ज़िद थी, गठबंधन की सरकार में तभी आयेंगे, जब गृहमंत्री-सह-उपप्रधानमंत्री का पद मिलेगा। सौदेबाज़ी में उनकी शर्तें मान ली गईं। 11 जनवरी, 2023 को लामिछाने को उपप्रधानमंत्री का पद, और मनचाहा मंत्रालय मिला। इस अति महत्वाकांक्षा की वजह से लामिछाने आलोचना के केंद्र में आ गये। जो लोग रवि लामिछाने में क्रांतिकारी बदलाव वाले नेता का अक्स देखते थे, उनका मोहभंग भी जल्द हो गया।

पत्रकार अपनी प्रसिद्धि के साथ दुश्मन भी पैदा करता है। रवि लामिछाने का नागरिकता वाला विवाद नया नहीं है। 2018 में सबसे पहले प्रेस कौंसिल में शिकायत गई कि लामिछाने बिना वर्क परमिट के नेपाल में कार्यरत है, क्योंकि वह अब भी अमेरिकी नागरिक है। अंतत: रवि लामिछाने ने 2018 में अमेरिकी नागरिकता का परित्याग कर दिया। लामिछाने ने नवंबर, 2022 के आम चुनाव के समय 1994 में प्राप्त नेपाली नागरिकता के जो कागजात निर्वाचन आयोग को दिये थे, वो क़ानूनी रूप से अवैध ही थे। यानी, फ्रॉड किया था। सही से छानबीन हो, तो इस मामले में नेपाल निर्वाचन आयोग भी फंसेगा।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




### देश के 27 राज्यों सहित इंडोनेशिया और नेपाल के युवा शिविर में कर रहे शिरकत

## मानवता को बचाने का रास्ता है गांधीवाद: मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का सत्य, अहिंसा, प्रेम और सद्भावना का रास्ता मानवता को बचाने का रास्ता है। यही मार्ग सुब्बाराव जी का था। श्री बघेल यहां राजधानी रायपुर के समीप फुंडहर के वर्किंग वूमेन्स हॉस्टल में सुप्रसिद्ध गांधीवादी विचारक डॉ एस.एन. सुब्बाराव की 94वीं जयंती के अवसर पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय एकता सद्भावना युवा शिविर-2023 (इंटरनेशनल पीस एंड हार्मनी यूथ कैंप) को सम्बोधित कर रहे थे। 03 से 08 फरवरी तक आयोजित इस शिविर में देश के 27 राज्यों सहित इंडोनेशिया और नेपाल के युवा शिरकत कर रहे हैं।



मुख्यमंत्री ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सुब्बाराव जी प्रखर गांधीवादी थे, उन्होंने देश को एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया। देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए विभिन्न भाषा भाषी लोगों को एक मंच पर लाने का कार्य किया। वे जीवन भर गांधी जी के रास्ते पर चले। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांधी जी के आंदोलन में आंदोलनकारियों को अहिंसा के मार्ग पर चलकर आंदोलन करना होता था। उस समय सिखाया जाता था, हिंसा का सहारा नहीं लेना है। चाहे पुलिस लाठी भी चलाए। जेल में कैसे रहना है, लोगों को जेल के माहौल में ढालने के लिए सुब्बाराव जी ने गांधीवादियों को प्रशिक्षण दिया, ताकि आंदोलनकर्ता अंग्रेजों की प्रताड़ना से टूटे नहीं, पूरी दृढ़ता के साथ उनका प्रतिकार करें। असहयोग आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान इसी वजह से भारतवासियों ने अंग्रेजों का दृढ़ता से सामना किया। जिसकी वजह से सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश को आजादी मिली। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंसा कभी भी समस्या का समाधान नहीं है। गांधी जी के सत्य, अहिंसा, प्रेम और सद्भावना का रास्ता ही सही मायनों में युवाओं को आगे बढ़ने का रास्ता है, मानवता को बचाने का रास्ता है। यही मार्ग सुब्बाराव जी का है। उन्होंने कहा कि सुब्बाराव जी ने चम्बल के डाकुओं का हृदय परिवर्तन कर आत्मसर्मपण कराया। आज आयोजित इस शिविर में युवाओं ने अपनी-अपनी भाषा में मानवता, एकता और बंधुत्व की बात की, यही तत्व मानवता को जोड़ता है। कार्यक्रम में चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, राष्ट्रीय युवा योजना के अध्यक्ष श्री विनय गुप्ता, राज्य पर्यटन मंडल की सदस्य श्रीमती चित्रलेखा साहू, छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के रास्ते पर चलने वाली सरकार है। छत्तीसगढ़ का विकास का मॉडल गांधीजी के ग्राम सुराज और स्वावलंबन पर आधारित है। यही सुब्बाराव जी का भी रास्ता है। राज्य सरकार ने जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों की जेब में पैसे डालने का काम किया, इसकी वजह से आज छत्तीसगढ़ में खेती-किसानी, व्यापार और उद्योग अच्छी स्थिति में है। छत्तीसगढ़ सबसे कम बेरोजगारी दर वाला राज्य है। लोगों को छोटे-छोटे कामों से जोड़ा जा रहा है और उन्हें आय और रोजगारमुख्यमंत्री ने कहा कि वर्धा के सेवाग्राम की तर्ज पर नवा रायपुर में गांधी सेवाग्राम की स्थापना की जा रही है। इसके माध्यम से युवाओं को गांधीवाद से परिचित कराने के साथ-साथ देश-दुनिया के लोगों को ग्रामोद्योग से परिचित करा कर युवाओं को कैसे रोजगार और स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ाना है, इसकी जानकारी मिलेगी।

### जल जीवन मिशन से खिली मुस्कान

## जहां चाह-वहां राह का संकल्प लिए आगे बढ़ रही छत्तीसगढ़ सरकार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** जल जीवन मिशन के सफल क्रियान्वयन से कोरिया जिले के पंडो जनजाति बाहुल्य ग्राम दुर्गापुर के सभी 47 घरों तक गुणवत्ता पेयजल की सुविधा पहुंच गयी है। स्वच्छ पेयजल की पहुंच से ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कन खिल उठी है। छत्तीसगढ़ के कोरिया जिला मुख्यालय से लगभग 18 किमी दूर विकासखण्ड बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत उमझर का आश्रित गांव दुर्गापुर, पंडो जनजाति बाहुल्य ग्राम है।



वनवासी जीवन शैली के परिचायक दुर्गापुर गांव में जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक परिवार को गुणवत्तायुक्त पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराना काफी चुनौतीपूर्ण कार्य था। जहां चाह, वहां राह को आदर्श सूत्र मानते हुए दुर्गापुर के प्रत्येक परिवार को जल जीवन मिशन के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण पानी उपलब्ध कराने का संकल्प लेकर कार्ययोजना बनाई गई और अंत में ग्रामवासियो के चेहरे की मुस्कान योजना के फलीभूत होने का प्रमाण खुद ही दे रही है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के कार्यपालन अभियंता ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशन एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिले में जल जीवन मिशन का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। जल जीवन मिशन का उद्देश्य समस्त ग्रामीण परिवारों को कार्यरत् घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल प्रदाय किया जाना है। इस योजना के तहत मार्च, 2024 तक छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त ग्रामीण घरों में कार्यरत् घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से 55 लीटर प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन के मापदण्ड से उत्कृष्ट गुणवत्ता का पेयजल निरन्तर दीर्घ अवधि के लिए प्रदाय किया जाना है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार राज्य में जल जीवन मिशन के लक्ष्य को पूरा करने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीणों को जागरूक करने महिलाओं को जल वाहिनी के रूप में प्रशिक्षण दिया जाता है। जल जीवन मिशन के तहत जल वाहिनी रामकुमारी सारथी ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत पीने के पानी की जांच की जाती है जिससे जल की गुणवत्ता की जानकारी प्राप्त होती है।

### खास खबर

#### स्वरूपानंद महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की निः शुल्क कक्षाएं

**रायपुर।** युवाओं के सुनहरे भविष्य के निर्माण हेतु स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय , हुडको में निशुल्क पीएससी, व्यापम की कोचिंग का संचालन किया जा रहा है । इसकी विधिवत शुरुआत 7 जनवरी से प्रारंभ हुई। यह नि:शुल्क कोचिंग को दो बैचों में संचालित किया जा रहा है जहां विद्यार्थियों को अलग-अलग विषयों की कोचिंग कॉलेज के प्रोफेसरों द्वारा प्रदान की जा रही है। कॉलेज परिसर में होने वाली कोचिंग शुक्रवार और शनिवार को संचालित की जाती है। पाठ्यक्रम के बारे में संक्षिप्त जानकारी देते हुए सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी - हितेश कुमार सोनवानी ने बताया की विद्यार्थियो को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं अपितु उस विषय की समझ भी उन्हें दिलाई जा रही है। भूगोल विषय के बारे में उन्होंने बताया कि किस प्रकार से किसी भी क्षेत्र का भूगोल वहां की संस्कृति, सभ्यता, रहन-सहन, खान-पान, वेशभूषा, आदि को प्रभावित करता है द्य उन्होंने छात्रों को भारत के निर्माण के बारे में भी जानकारी दी कि आदि काल में किस प्रकार से गोंडवाना लैंड टूटकर भारत भूमि बना द्य उन्होंने हिमालय की उत्पत्ति विकास तथा उसके महत्व से भी छात्रों को अवगत कराया द्य छात्रों ने भी बड़े ही ध्यान के साथ इस क्लास में भाग लेते हैं तथा प्रश्न भी पूछते हैं द्य प्राध्यापक ने और जानकारी देते हुए कहा कि कक्षाओं के दौरान समय-समय पर विद्यार्थियों की परीक्षा भी ली जाएगी ताकि छात्रों का मूल्यांकन व उनकी रूचि देखी जा सके। स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज के सीओओ डॉ दीपक शर्मा ने कहा कि सुनहरे भारत की नीव एक शिक्षित कुशल व सक्षम युवा है, राष्ट्र निर्माण में युवा शक्ति का अभूतपूर्व योगदान होता है द्य हमारे कॉलेज के युवा अपनी शिक्षा शौर्य व परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए स्वयं को तैयार करें, राष्ट्र निर्माण में नया आयाम स्थापित करें, इस उद्देश्य से निशुल्क कोचिंग शुरु कराया गया है।

## छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं से लोगों के जीवन में आया परिवर्तन: भूपेश बघेल

- समोदा बनेगी उप-तहसील : नगर पंचायत समोदा में नवीन महाविद्यालय भवन का होगा निर्माण
- समोदा में खुलेगी जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक की शाखा, उप-स्वास्थ्य केन्द्र समोदा का होगा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन
- भैंसा में जल्द ही प्रारंभ होगी पुलिस चौकी





श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर ।** भैंसा में जल्द ही प्रारंभ होगी पुलिस चौकी समोदा में खुलेगी जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक की शाखा, उप-स्वास्थ्य केन्द्र समोदा का होगा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयनमुख्यमंत्री ने रायपुर जिले के आरंग विधानसभा के ग्राम समोदा में की घोषणाएंछत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं से लोगों के जीवन में आया परिवर्तन: मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं से लोगों के जीवन में आया परिवर्तन: मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्यमंत्री ने रायपुर जिले के आरंग विधानसभा के ग्राम समोदा में की घोषणाएंसमोदा में खुलेगी जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक की शाखा, उप-स्वास्थ्य केन्द्र समोदा का होगा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयनभैंसा में जल्द ही प्रारंभ होगी पुलिस चौकी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के लिए आज आरंग विधानसभा के ग्राम समोदा पहुंचे।

उन्होंने भेंट-मुलाकात को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार बनते ही सबसे पहले हमने ऋण माफी का फैसला किया, 19 लाख किसानों का साढ़े 9 हजार करोड़ रूपए का ऋण माफहुआ। जिन किसानों ने धान बेचा था और जिनका कर्ज पटा दिया गया था, उनकी राशि वापस लौटाई गई। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की, किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना में इनपुट सब्सिडी दी। इस योजना की 3 क़िस्त की राशि किसानों के खाते में आ गई है।

योजना की आखिरी और चौथी क़िस्त 31 मार्च को दी जाएगी। श्री बघेल ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं से किसानों के जीवन में काफी परिवर्तन आया है। मुख्यमंत्री ने कहा हमारी मंशा है सबको राशन मिले, हमने सबका राशन कार्ड बनाया। उन्होंने राशन कार्ड के हितग्राहियों से बातचीत कर योजना का फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री ने लोगों से पूछा किनका-किनका कर्ज माफहुआ है। इस पर बड़ी संख्या में लोगों ने हाथ उठाकर बताया कि उनका कर्ज माफहुआ है। नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया भी इस अवसर पर उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात के दौरान अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि समोदा को उप-तहसील का दर्जा दिया जायेगा, नगर पंचायत समोदा में नवीन महाविद्यालय भवन का निर्माण कराया जायेगा, समोदा में जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक की शाखा खोली जायेगी, उप-स्वास्थ्य केन्द्र समोदा का उन्नयन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया जायेगा, ग्राम अमोदी में उप-स्वास्थ्य केन्द्र खोला जायेगा, बनरसी व भण्डारपुरी में उप-स्वास्थ्य केन्द्र हेतु नवीन भवनों का निर्माण कराया जायेगा, कोरासी व चपरीद में शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल हेतु नवीन भवनों का निर्माण कराया जायेगा।

#### गोपाल ने खेती की अतिरिक्त आय से खरीदा थ्रेसर और एक बुलेट

ग्राम अमोदी के किसान गोपाल साहू ने बताया कि वो 12 एकड़ में रबी फसल और 32 एकड़ में खरीफफसल लेते हैं। ऋण माफी के तहत साढ़े तीन लाख रुपए का ऋण माफहुआ है। समर्थन मूल्य पर धान भी बेच रहे हैं। अतिरिक्त आय से थ्रेसर और एक बुलेट खरीदी है। उन्होंने बताया कि बिजली बिल हाफयोजना के तहत तीस हजार रुपए का बिजली बिल माफहुआ है। टेमीन साहू ग्राम-चपरिद ने बताया कि उन्हें 35 किलो चावल, नमक फ्री में मिलता है। शक्कर 17 रुपए प्रति किलो में मिलता है।

#### वर्मी कम्पोस्ट से समूह की महिलाओं को 45-45 हजार रूपए की आय

भेंट-मुलाकात में ग्राम रानीसागर निवासी प्रेमबाई साहू ने बताया कि 1300 क्विंटल वर्मी कंपोस्ट बेचा है। समूह की महिलाओं ने 45-45 हजार कमाए हैं। प्रेमबाई ने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया और कहा कि इससे कई महिलाओं को रोजगार मिला है, महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही हैं। उन्होंने पैरा एकत्रित करने वाली मशीन की मांग की, उनकी मांग पर मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को मशीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि महिलाएं गोबर से बिजली और पेंट बनाने का भी काम कर रही हैं।

## मुख्यमंत्री बघेल ने की विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से भेंट-मुलाकात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर जिले के आरंग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भानसोज और समोदा में आम जनता से भेंट-मुलाकात के पश्चात शाम को आरंग विश्राम भवन में विभिन्न समाज एवं संगठनों के प्रतिनिधिमंडल से भेंट-मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान सभी समाज के प्रतिनिधियों से सामाजिक कार्यों, मांगों और स्थानीय समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान सामाजिक प्रतिनिधियों से शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के बारे में चर्चा कर फीडबैक लिया।




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से ब्राम्हण समाज और पिपला फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने भी आरंग को पर्यटन स्थल घोषित करने, मोरध्वज उत्सव आयोजित कराए जाने का आग्रह किया। व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से ट्रेनों का फेरा बढ़ाने तथा एफसीआई गोदाम स्थापित किए जाने की बात कही। कुम्हार समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से टेराकोटा प्रशिक्षण और ग्राम समोदा में ग्लेसिंग यूनिट की स्थापना का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री से पटेल समाज, निषाद समाज, सेन समाज, देवांगन समाज के प्रतिनिधियों ने भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने तोड़गांव में तालाब को खेत बनाने की जानकारी मिलने पर जांच के निर्देश दिए। देवांगन समाज ने आरंग क्षेत्र में 90 लाख रूपए के विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सतनामी समाज के प्रतिनिधियों ने मुलाकात कर कहा कि आपके कार्यकाल में सभी वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। सामाजिक संगठनों को 10 प्रतिशत राशि पर भूमि दी जा रही है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का साहू समाज ने राज्य में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। डीघारी में साहू समाज के लिए सामाजिक भवन की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। यादव समाज के प्रतिनिधियों ने नरवा,गरुवा योजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे यादव समाज सहित सभी वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे है।

#### संस्कृति को सहेज रहीं है मर्रा की आदिवासी युवतियां

**पाटन।** वैसे तो छत्तीसगढ़ अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है जो इस खूबसूरत राज्य के विभिन्न पहलुओं को दर्शाता है। छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक जीवन में पारंपरिक कला और शिल्प, आदिवासी नृत्य, लोक गीत, क्षेत्रीय त्योहार और मेले और मनोरंजक सांस्कृतिक उत्सव के विभिन्न रूप शामिल हैं छत्तीसगढ़ में आदिवासी अपनी समृद्ध जनजातीय संस्कृति को मर्यादा और धार्मिक रूप मुख्यत: बस्तर संभाग के गैर मैदानी क्षेत्रों में से संजोए रखा है लेकिन मैदानी क्षेत्रों में भी लोकसंस्कृति को बढ़ावा देने ग्राम मर्रा की आदिवासी युवतियां सक्रिय नजर आ रही है।






## खास खबर...

### रायपुर में जल्द दौड़ेंगी 50 इलेक्ट्रिक बसें, नगर निगम जल्द ही जारी करेगा टेंडर

**रायपुर (ए)।** राजधानी की सड़कों पर जल्द ही इलेक्ट्रिक बसें दौड़नी शुरू हो जाएंगी। लोगों की सुविधाओं में बढ़ोतरी करने और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। नगर निगम ने इसके लिए पूरी रूपरेखा तैयार कर ली है। जल्द ही टेंडर जारी किया जाएगा। शहर के पांच स्थानों पर चार्जिंग प्वाइंट बनाने की भी तैयारी है। इसके लिए टेंडर जारी किया जा चुका है, जिसके लिए तीन कंपनियों ने रुचि दिखाई है। चार्जिंग प्वाइंट बनाने के लिए भी जगह चिन्हांकित कर ली गई है। निगम के अधिकारियों की मानें तो 50 इलेक्ट्रिक बसें चलाने के लिए दो-तीन दिनों में टेंडर जारी हो जाएगा। टेंडर के बाद बसों का मार्ग तय किया जाएगा। बसों का संचालन पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप माडल के तहत होगा। इसकी जिम्मेदारी संबंधित कंपनियों की रहेगी। मार्ग के साथ दूरी के हिसाब से दर का निर्धारण भी किया जाएगा। गौरतलब है कि इलेक्ट्रिक बसों को चलाने के लिए निगम की ओर से काफी समय से प्रयास किया जा रहा है।

निगम ने चार्जिंग प्वाइंट बनाने के लिए पांच जगह चिन्हित कर लिया गया है। कलेक्ट्रेट और जयस्तंभ चौक स्थित मल्टीलेबल पार्किंग, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और एक अन्य जगह पर चार्जिंग प्वाइंट बनाया जाएगा। यह निजी कंपनियों की ओर से ही संचालित किया जाएगा।

स्मार्ट सिटी की ओर से शुरुआत में 40 जगहों पर चार्जिंग प्वाइंट बनाने का दावा किया गया था लेकिन एक से दो वर्ष बाद ही इनकी संख्या घटाकर 25 कर दी गई। कुछ दिनों बाद यह संख्या छह में सिमट गई। राजधानी में जिस रफ्तार से इलेक्ट्रानिक व्हीकल्स की संख्या बढ़ रही है, उसी रफ्तार से चार्जिंग प्वाइंट्स की संख्या भी बढ़नी चाहिए थी लेकिन समय के साथ ही इनकी संख्या कम होती जा रही है। तीन वर्षों बाद भी अब तक एक भी चार्जिंग प्वाइंट नहीं बन पाया है।

# राज्य में किसानों के साथ-साथ राईस मिलर्स हुए खुशहालः मुख्यमंत्री बघेल

### मुख्यमंत्री बघेल छत्तीसगढ़ प्रदेश राईस मिलर्स एसोसिएशन के वार्षिक सम्मेलन में हुए शामिल

### छत्तीसगढ़ में राईस मिल के संचालन के लिए बना उपयुक्त माहौल

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार की बेहतर नीति के फलस्वरूप किसानों के साथ-साथ राईस मिलर्स भी खुशहाल हैं। यही वजह है कि राज्य में हर साल जहां एक ओर कृषि रकबा, उत्पादन सहित कृषकों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है, वहीं दूसरी ओर राईस मिलों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हो रही है। राज्य में राईस मिलों के संचालन के लिए माहौल उपयुक्त होने के कारण इस साल 249 नई राईस मिले स्थापित हुई हैं। इस तरह किसानों ही नहीं बल्कि राईस मिलरों में भी उत्साह का माहौल है और उनके लिए राईस मिल का संचालन एक लाभकारी व्यवसाय हो गया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी के एक निजी होटल में छत्तीसगढ़ प्रदेश राईस मिलर्स एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित वार्षिक सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर एसोसिएशन द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राज्य में राईस मिलरों के हित में लिए गए निर्णय की वजह से स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में राज्य भर के सभी जिलों से आए राईस मिलर्स संघ के अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन सहित छत्तीसगढ़ राईस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश रूंगटा सहित पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में राज्य भर के राईस मिलर्स उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने एसोसिएशन को सम्बोधित करते हुए राज्य में हमारी सरकार न सिर्फ किसानों की उत्पादकता और आय में बढ़ोत्तरी के लिए काम कर रही है, बल्कि कृषि क्षेत्र से जुड़े हर उद्योग और उद्यम के विकास के लिए भी काम कर रही है। छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में कृषि क्षेत्र के चौतरफा विकास के लिए संकल्पित है। हमारी राईस मिलों का सीधा संबंध में हमारे खेतों से है। राइस मिलों की समस्याएं भी कृषि क्षेत्र से जुड़ी हुई समस्याएं होती है। इसे ध्यान में रखते हुए हमने राज्य में राईस मिलों से जुड़ी हर समस्या का निराकरण पूरी संवेदना और प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बताया कि राईस मिलरों के हित को ध्यान रखते हुए हमने कस्टम मिलिंग की प्रोत्साहन राशि 40 रूपए से बढ़ाकर 120 रूपए कर दी गई है। शासन के इस फैसले से राज्य के चावल उद्योग और राईस मिलर्स को नई ताकत मिल गई है। इसके फलस्वरूप राईस मिलर्स में उत्साह का माहौल है और उन्हें राईस मिल के संचालन में काफी सहुलियत हो गई है। इस साल राज्य में 249 नई राईस मिले स्थापित हुई हैं, जिसके कारण राज्य में कस्टम मिलिंग करने के लिए पंजीकृत मिलर्स की संख्या 2035 से बढ़कर अब 2284 हो गई है। इस तरह कस्टम मिलिंग की प्रक्रिया के सुचारू रूप से संचालन की वजह से ही धान खरीदी और प्रोसेसिंग के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ लगातार नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

# कोर्स पूरा होने पर प्री-बोर्ड परीक्षाएं ले सकते हैं स्कूल



**रायपुर (ए)।** दसवीं-बारहवीं प्री-बोर्ड परीक्षाओं के लिए जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्यों को नए निर्देश जारी किये हैं। ब्लाक स्तरीय प्राचार्यों की बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी आरएल ठाकुर ने स्कूलों के प्राचार्यों से कहा, आपके यहां कोर्स पूरा हो गया है तो आप 17 फरवरी से प्री-बोर्ड परीक्षा करवाने का इंतजार न करें। अपने हिसाब से परीक्षाएं आयोजित कर सकते हैं। लगभग सभी स्कूलों में कोर्स पूरा हो चुका है।

गौरतलब है कि पिछले दिनो जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की तरफ से 17 फरवरी से लेकर 25 फरवरी तक प्री-बोर्ड आयोजित करने के लिए निर्देश जारी किया गया था। निर्देश जारी होने के बाद छात्रों और अभिभावकों भी प्री-बोर्ड की समय-सारणी को लेकर आपत्ति की थी। छात्र और पालकों का तर्क था कि एक मार्च से बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। छात्र प्री-बोर्ड परीक्षा देने के लिए स्कूल जाएगा, जिससे परीक्षा की तैयारियों में अवरोध उत्पन्ना होगा। शिक्षाविदों ने भी प्री-बोर्ड परीक्षा के समय को लेकर हैरानी जताई थी।

### प्री-बोर्ड परीक्षा पहले होने से छात्रों को होता है फायदा

बोर्ड परीक्षा शुरू होने से लगभग 15 दिन पहले तक यदि प्री-बोर्ड परीक्षाएं हो जाती हैं तो छात्रों को इसका फायदा मिलता है। प्री-बोर्ड परीक्षाओं का मतलब होता है कि छात्र अपनी कमजोरी को जान सके। प्री-बोर्ड और बोर्ड परीक्षाओं के बीच मिलने वाले समय में छात्र उस विषय की तैयारी बेहतर कर सकें। बोर्ड परीक्ष३ाा शुरू होने के तीन दिन पहले तक छात्र प्री-बोर्ड परीक्षाओं में उलझा रहेगा तो कमजोर विषयों की तैयारी कब करेगा। इसी बात को लेकर छात्र, पालक और शिक्षाविदों ने अपत्ति जताई थी।

### स्वामी आत्मानंद स्कूलों में शुरू हो चुकी हैं प्री-बोर्ड

स्वामी आत्मानंद स्कूलों में प्री-बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। इन स्कूलों के छात्रों की भी बोर्ड परीक्षाएं एक मार्च से होंगी। इन स्कूलों की प्री-बोर्ड परीक्षाएं 16 फरवरी तक पूरी हो जाएंगी, जिससे छात्रों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने का पर्याप्त समय मिल सके।

### बोर्ड परीक्षाओं की तरह होती है प्री-बोर्ड

स्कूलों की तरफ से प्री-बोर्ड परीक्षाएं भी बोर्ड की ही तर्ज पर ली जाती है। मुख्य विषयों की परीक्षा के बीच में गैप भी दिया जाता है, जिससे छात्र अगले विषय की अच्छे से तैयारी कर लें।

# राज्य सेवा परीक्षा-2022 में मिलेगी दिव्यांग परीक्षार्थियों को सहलेखक की सुविधा

### अनुमति के लिए 9 फरवरी तक परीक्षा केन्द्र वाले जिले के कलेक्टर कार्यालय से करना होगा संपर्क

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2022 लिखित परीक्षा 12 फरवरी को दो सत्रों में प्रदेश के 28 जिलों के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जा रही है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा सूचित किया है कि ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी जिन्होंने सहलेखक रखे जाने का विकल्प दिया है, वे आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ 9 फरवरी तक अपने परीक्षा केन्द्र वाले जिलें के कलेक्टर कार्यालय में अनिवार्य संपर्क करें। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगें।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2022 के लिए जारी विज्ञापन में दिव्यांग परीक्षार्थियों हेतु सहलेखक की सुविधा लेने के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए थे। जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि सहलेखक की सुविधा के लिए परीक्षा तिथि के 7 दिवस पूर्व कलेक्टर कार्यालय से अनुमति लेना आवश्यक हैं। दिव्यांग परीक्षार्थी अब सहलेखक की सुविधा के लिए परीक्षा केन्द्र वाले जिलें के कलेक्टर कार्यालय से 9 फ्रवरी तक विज्ञापन में उल्लेखित दस्तावेज प्रस्तुत कर इस संबंध में अनुमति प्राप्त कर सकते हैं।

# भारतीय वन सेवा के अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ के नरवा विकास कार्य को जाना

### पम्पार नाला की संरचनाओं और वनोपज प्रसंस्करण की प्रक्रिया देखी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी देहरादून में मिड एण्ड कैरियर ट्रेनिंग ले रहे भारतीय वन सेवा के अधिकारी छत्तीसगढ़ पहुंचे और यहां नरवा विकास सहित वनोपज से महिला समूहों के जीवन में आ रहे बदलाव को जाना। प्रशिक्षण में भाग ले रहे 30-35 अधिकारियों ने नरवा के पाठशाला के तहत धमतरी वनमण्डल के दक्षिण सिंगपुर परिक्षेत्र में कैम्पा योजना के अंतर्गत पम्पार नाला में किए गए नरवा विकास कार्य को देखा। योजना के तहत ढाई किलोमीटर में पम्पार नाला में नरवा उपचार का काम किया गया है। इसके लिए 16 विभिन्न संरचनाओं का निर्माण कराया गया है। अधिकारियों ने दुगली परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुगली में स्वसहायता समूहों द्वारा लघु वनोपज से निर्मित विभिन्न उत्पादों के निर्माण एवं विक्रय की प्रक्रिया भी जानी। भ्रमण में मुख्य रूप से व्ही. श्रीनिवास राव (भा.व.से.) मुख्य कार्यपालन अधिकारी (कैम्पा), अमित कुमार सहायक प्राध्यापक इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी देहरादून, मयंक पाण्डेय वनमण्डलाधिकारी धमतरी, एस. एस. नाविक उप वनमण्डलाधिकारी बिरगुड़ी एवं अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ में नशामुक्ति के लिए काम करेंगी ढाई हजार से ज्यादा भारत माता वाहिनी




**रायपुर।** नशामुक्ति के लिए राज्य सरकार ने प्रदेश में 2626 भारत माता वाहिनी का गठन किया है। इनके माध्यम से समाज कल्याण विभाग प्रदेश में नशामुक्ति के लिए व्यापक अभियान चलाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर भारत माता वाहिनी योजना का संचालन किया जा रहा है। नशामुक्ति अभियान के तहत पूरे छत्तीसगढ़ में ग्राम स्तर से लेकर जिला और राज्य स्तर पर समितियों का गठन किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में महिला स्व-सहायता समूहों की ओर से नशामुक्ति के पक्ष में रैली, प्रभात फेरी, व्यसन से होने वाले दुष्परिणामों का प्रचार-प्रसार, नारे, दीवार लेखन, पोस्टर, पांपलेट, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनसामान्य में नशामुक्ति के लिए जागरूकता विकसित करने का कार्य किया जाएगा।

साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर नशा पीड़ितों के सर्वेक्षण, नशामुक्ति की प्रेरणा और उपचार के लिए विभाग अंतर्गत संचालित नशामुक्ति केंद्रों में भर्ती कराने की कार्रवाई की जाएगी। नशामुक्ति अभियान के परीक्षण, निरीक्षण और अनुश्रवण की समुचित व्यवस्था की जाएगी।

योजना के अनुसार ग्राम पंचायत स्तर पर भारत माता वाहिनी का गठन किया जा रहा है। इस समिति में महिला अध्यक्ष और समूह में अधिकतम तीन पुरुष सदस्य शामिल होते हैं। सदस्यों के चयन में दिव्यांग, विधवा, परित्यक्त महिला, तृतीय लिंग के व्यक्ति, बौने व्यक्ति, नशामुक्त हो चुके व्यक्ति को प्राथमिकता दी जाती है। भारत माता समूह को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं सदस्यों का नाम ग्राम सभा से अनुमोदन के बाद संयुक्त व उप संचालक जिला कार्यालय समाज कल्याण में पंजीयन के लिए आवेदन करना होता है। इसके अलावा जिला एवं राज्य स्तर पर भी भारत माता वाहिनी समिति का गठन किया जा रहा है।

### जिले में इतनी वाहिनी गठित

वर्ष 2022-23 में अब तक बस्तर में 94 वाहिनी, सुकमा में 42, नारायणपुर में 28, महासमुंद में 71, जांजगीर-चांपा में 131, कबीरधाम में 62, राजनांदगांव में 144, कोरिया में 82, जशपुर में 133, बेमेतरा में 69, धमतरी में 73, मुंगेली में 56, बालोद में 94,कोरबा में 95, दुर्ग में 57, सूरजपुर में 118, रायगढ़ में 176, कोंडागांव में 99, बीजापुर में 80, गरियाबंद में 100, कांकेर में 140, बलरामपुर में 120, रायपुर में 80, दंतेवाड़ा में 80, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 60, बिलासपुर में 80, बलौदाबाजार-भाटापारा में 121, सरगुजा में 141 इस प्रकार कुल 2,626 भारत माता वाहिनी गठित की है।

# छत्तीसगढ़ महिला आयोग की संवेदनशील पहल, मां को उसके नाबालिग बच्चे से मिलाया

### आधी रात को महिला आयोग ने की सुनवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ महिला आयोग की सक्रियता से एक मां को उसके बच्चे से मिला दिया। इस संवेदनशील प्रकरण में आपात परिस्थितियों में महिला आयोग ने आधी रात को सुनवाई की और नाबालिग बच्चे को आवेदिका मां को सौपने का निर्णय दिया।

महिला आयोग के समक्ष प्रस्तुत प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि उसने विभिन्न न्यायालयों में बच्चे की कस्टडी पाने के लिए आवेदन किया, लेकिन बच्चे के पिता ने किसी भी न्यायालय में उपस्थिति नहीं दी और लगातार न्यायालयों की अवहेलना कर रहा था। जिस पर उच्च न्यायालय ने आवेदिका को पुनः प्रकरण लगाने का निर्देश दिया गया। इसलिए आवेदिका ने महिला आयोग में आवेदन प्रस्तुत किया। यहां भी उसके पति लगातार 2 सुनवाई में अनुपस्थित रहे। इसके बाद पुलिस अधीक्षक धमतरी के विशेष सहयोग से उसके पति और बच्चे को आयोग के समक्ष उपस्थित कराया गया। यहां बाल संरक्षण आयोग की उपस्थिति में 8 वर्षीय नाबालिग बच्चे की काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग में बच्चे के व्यवहार से पता चला कि उसके अंदर पिता ने




आपराधिक भावनाएं भरी थी। इसके बाद नाबालिग बालक को बाल कल्याण समिति माना में भेजा गया था ताकि उसके मन-मस्तिष्क से नकारात्मक बातें समाप्त हो सके।

अनावेदक पति ने बाल कल्याण समिति के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर पुनः अस्थायी अभिरक्षा प्राप्त कर लिया। अनावेदक ने बाल कल्याण समिति में बच्चे को आयोग की सुनवाई में उपस्थित रखने का शपथ पत्र भी दिया था लेकिन 06 फरवरी 2023 को आयोग की बैठक में बच्चे को अनुपस्थित रखा और बहाने करता रहा। लगातार 6 घण्टे इंतजार करने के बावजूद बच्चे को उपस्थित नहीं करने पर अंततः महिला आयोग की ओर से पुलिस अधीक्षक रायपुर से टेलीफोनिक चर्चा की गई। इसके बाद पुलिस अधीक्षक रायपुर और उनकी टीम ने रात 10:30 बजे बच्चे को प्राप्त किया और आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक से टेलीफोन पर चर्चा की। मामला नाजुक और संवेदनशील होने पर आयोग की अध्यक्ष ने तत्काल अपने कार्यालय में प्रकरण की सुनवाई की। चूंकि अनावेदक लगातार लापरवाही और न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करता आ रहा था, अतः आधी रात तक चली कार्यवाही में निर्णय लिया गया कि नाबालिग बच्चे की अभिरक्षा अनावेदक के हाथ में देना उचित नहीं है। इसलिए नाबालिग बच्चे को आवेदिका बच्चे की मां को दिया जाना चाहिये। यह पहला मौका था जब ऐसी आपात स्थिति में संवेदनशील मामले में महिला आयोग ने आधी रात को कार्यवाही की। इस कार्य को त्वरित रूप से पूर्ण करने में पुलिस प्रशासन एवं उनकी पूरी टीम को आयोग की अध्यक्ष द्वारा धन्यवाद पत्र प्रेषित किया गया।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

• जीन्स
• टी-शर्ट
• शर्ट
• ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेन्डर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# ‘पठान’ एक ऐतिहासिक ब्लॉकबस्टरः हमें एक साथ आने के लिए स्पेशल स्क्रीप्ट की जरूरतः शाहरुख

## सलमान खान और शाहरुख खान ने अपने पठान के यूनियन के विषय में की बात,

**यश राज फिल्म्स की पठान अब एक सर्वकालिक ऐतिहासिक ब्लॉकबस्टर बन गयी है, हिंदी फिल्म इतिहास में सबसे ज्यादा कमाई करने के साथ यश राज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स की फिल्म में टाइगर के रूप में सलमान खान और पठान के रूप में शाहरुख खान जैसे दो सुपर-जासूस मिलने पर दर्शकों से प्यार मिला है!**

शाहरुख और सलमान पहली बार इस विषय में बात कर रहे हैं कि वे स्क्रीन पर वापस आकर कितने रोमांचित थे और कैसे आदित्य चोपड़ा ने उन्हें अपने रीयूनियन की अवधारणा के साथ प्रभावित किया और सिद्धार्थ आनंद ने कितने शानदार ढंग से इसका निर्देशन किया और उन्हें अविस्मरणीय स्वैग के साथ पेश किया!

सलमान खान ने बताया, शाहरुख और मुझे बड़े पर्दे पर एक साथ आने के लिए हमेशा एक स्पेशल फिल्म की जरूरत होती है और मुझे इस बात की खुशी है कि वह फिल्म पठान है। जब हमने करण अर्जुन की थी, तो वो एक ब्लॉकबस्टर थी और अब पठान, जो यश राज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है, वो भी ब्लॉकबस्टर बन गयी है। मुझे पता है कि दर्शक हमें स्क्रीन पर एक साथ देखना पसंद करते हैं और मुझे खुशी है कि उन्होंने हमें पठान के लिए इतना प्यार दिया है। जब आदि ने मुझे सीक्वेंस सुनाया और हमें फिर से स्क्रीन पर एक साथ लाने के लिए अपनी विचार के बारे में बताया तो मैं हैरान रह गया।



उन्होंने आगे बताया, उनका (आदि का) इरादा लोगों से प्रशंसा पाने और हमारे प्रशंसकों, दर्शकों को वह देना था जो वो हमसे देखना चाहते थे। यह देखते हुए कि आदि शाहरुख और मुझे कितने करीब से जानते हैं, वह सच में यह पकड़ने में कामयाब रहे कि दृश्यों में हम व्यक्तित्व के रूप में कैसे हैं। यही वजह है कि लोग हमें पर्दे पर पसंद कर रहे हैं। साथ ही जिस तरह से सिद्धार्थ ने सीक्वेंस को बनाया और हमें पेश किया वह शानदार था। मैं शाहरुख और यश राज फिल्म्स के लिए खुश हूं जो पठान के लिए इन रिकॉर्ड को बना रहे हैं। यह भारतीय सिनेमा के लिए बहुत बड़ी जीत है कि हम महामारी के बाद लोगों को सिनेमाघरों में वापस लाने में सक्षम रहे।

शाहरुख ने बताया, की मेरा यकीन करिए, सलमान और मैं हमेशा एक साथ काम करना चाहते थे लेकिन हम सही फिल्म, सही स्क्रिप्ट का इंतजार कर रहे थे क्योंकि हम दोनों जानते थे कि हमें पर्दे पर देखने के लिए आश्चर्यजनक जोश होगा लेकिन हमे दर्शकों से वह वादा पूरा करना होगा क्योंकि वे हमसे बहुत प्यार करते हैं। यदि नहीं, तो वे बहुत निराश होंगे और यह प्रोजेक्ट के लिए अच्छा नही होगा। मतलब फैन्स का सवाल है, छोटी स्क्रिप्ट पर नहीं छोड़ सकते! वह आगे कहते हैं, इसलिए, जब आदि ने मुझे यश राज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स, टाइगर और पठान के दो सुपर जासूसों को एक साथ लाने के अपने विचार के बारे में बताया, जिसमे हमने साथ में कुछ धमाकेदार एक्शन सीन किए, जो मुझे उम्मीद है कि अब तक बहुत से लोग इसको देख चुके होंगे, मैंने तुरंत इसके लिए हां कह दिया क्योंकि यह विचार सलमान और मुझे बड़े पर्दे पर देखने के वादे को पूरा कर रहा था। मुझे खुशी है कि लोगों ने हमें पठान में साथ देखना पसंद किया है।

शाहरुख ने आगे बताया, ‘मुझे पता है कि पर्दे पर हमें इस तरह से देखने के लिए प्रशंसकों ने एक लंबा इंतजार किया था और मुझे खुशी है कि हमने एक ऐसी फिल्म दी है जिसका वो पूरा मजा ले रहे हैं। इसके अलावा सेट पर भाई के साथ बहुत मजा आता है। मैं स्क्रीन पर उनके साथ होने से चूक गया था इसलिए यह सब वैसा ही हुआ जैसा होना चाहिए था। और उस टाइगर स्कार्फ को मैं एक मोमेंटो के रूप में रख रहा हूं!

### सामंथा रुथ की फिल्म शाकुंतलम की रिलीज टली

अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु मौजूद वक्त में अपनी अपनी आगामी फिल्म शाकुंतलम को लेकर चर्चा में हैं। उनके प्रशंसक बड़ी बेसब्री से इस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन शाकुंतलम के लिए उन्हें अभी और इंतजार करना होगा। फिल्म की रिलीज डेट फिर से टल गई है। मंगलवार को निर्माताओं ने एक बयान जारी कर ऐलान किया कि शाकुंतलम को स्थगित कर दिया गया है और जल्द ही एक नई रिलीज की तारीख साझा की जाएगी।

उन्होंने कैप्शन में लिखा, हमें अपने प्रिय दर्शकों को यह बताते हुए दुख हो रहा है कि हम इस 17 फरवरी को शाकुंतलम को रिलीज नहीं कर पाएंगे। हम जल्द ही इसकी नई रिलीज तारीख की घोषणा करेंगे। पहले यह फिल्म 4 नवंबर, 2022 को दर्शकों के बीच आने वाली थी, जिसे बाद में 17 फरवरी, 2023 कर दिया गया था। फिल्म में सामंथा के साथ देव मोहन राजा मुख्य भूमिका में हैं। गुनाशेखर इस फिल्म के निर्देशक हैं।

### रजनीकांत की फिल्म जेलर में हुई जैकी श्रॉफ की एंट्री

बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्राफ, दक्षिण भारतीय मूवीज के सुपरस्टार रजनीकांत के साथ मूवी जेलर में दिखाई देने वाले है। रजनीकांत बहुत जल्द फिल्म जेलर में नजर आयेंगे। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ की भी एंट्री हो चुकी है। जैकी श्राफ का फर्स्ट लुक भी सामने आ गया है, जिसमें वह खतरनाक अंदाज में दिखाई दे रहे है। ट्विटर हैंडल से जैकी श्रॉफ का फर्स्ट लुक साझा किया गया है, इसमें वह काफी इंटेंस अंदाज में दिख रहे हैं। ‘जेलर’ एक एक्शन फिल्म है। इस मूवी के निर्देशक नेल्सन दिलीप कुमार हैं। खबरों का कहना है कि तमन्ना भाटिया स्टारर सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म जेलर को मेकर्स पैन इंडिया स्तर पर रिलीज करने जा रहे है। सुपरस्टार रजनीकांत का क्रेज हिंदी भाषी दर्शकों में भी काफी अधिक है। इतना ही नहीं उनकी रोबोट और 2.0 जैसी मूवीज ने हिंदी सिनेमाई मार्केट में भी तहलका मचाया था। वहीं, तमन्ना भाटिया की भी पैन इंडिया अपील भी की जा चुकी है। जिसका फायदा मेकर्स के इस फिल्म को होने वाला है।

### बिग बॉस-16 से बाहर आते ही निमृत कौर अहलूवालिया ने शेयर किया वीडियो

कॉन्ट्रोवर्शियल रियलिटी शो बिग बॉस 16 को अपने टॉप पांच कंटेस्टेंट मिल गए हैं। 12 फरवरी को इस शो का ग्रैंड फिनाले होगा, जिसमें शिव ठाकरे, प्रियंका चाहर चौधरी, अर्चना गौतम, एमसी स्टेन और शालीन भनोट हैं। वहीं, फिनाले वीक में आकर निमृत कौर अहलूवालिया इविक्ट हो गई हैं। निमृत शो की पहली फाइनलिस्ट थीं और एक्ट्रेस को यह चांस बिग बॉस ने दिया था। लेकिन फिनाले वीक में आते ही जनता के वोट्स के आधार पर निमृत घर से बाहर हो गई हैं। बिग बॉस 16 से बाहर आने के बाद एक्ट्रेस ने अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह फैंस को धन्यवाद कह रही हैं।

दरअसल, फिनाले वीक में बिग बॉस 16 के घर में एक जबरदस्त ट्विस्ट आया। शो में ऑडियंस की एंट्री हुई और उन्होंने अपने पसंदीदा कंटेस्टेंट के लिए वोट किया। इस वोटिंग में निमृत सबसे पीछे रहीं और इस वजह से वह अब शो से बाहर हैं। निमृत ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। इस एक्ट्रेस में निमृत अपने सभी फैंस को धन्यवाद कहती दिख रही हैं। वह कहती हैं कि मैं बहुत ही एक्साइटेड हूं और मैं बहुत ही फ्री महसूस कर रही हूं। मुझे सिर्प खुद पर ही नहीं बल्कि आप लोगों पर ही गर्व हैं। मैं सच में आपसे यह कहना चाहती हूं कि यह जर्नी आप लोगों के बिना पूरी नहीं हो सकती थी। मैंने अपना सारा समय आप तक पहुंचने में लगाया है।


## जेब्रा स्टाइल आउटफिट में हिना खान को देखकर फैंस हुए दीवाने फोटो पर लुटा रहे जमकर प्यार

एक्ट्रेस हिना खान अपनी अदायगी और खूबसूरती से फैंस के दिलों पर कहर बरपाने का हुनर रखती हैं। उनकी ग्लैमरस तस्वीरें फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ाए रहती हैं। हिना खान जेब्रा स्टाइल की बॉडीकॉन ड्रेस में नजर आ रही हैं। उनकी ये तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। ब्लैक एंड व्हाइट कलर की स्ट्रिप्ड वाली बॉडीकॉन ड्रेस में एक्ट्रेस हिना खान गजब की बला लग रही हैं। हिना खान अपनी खूबसूरती से बड़ी बड़ी एक्ट्रेस को मात देती हैं। यही कारण है कि हिना खान सोशल मीडिया पर भी काफी पसंद की जाती है। हिना खान आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उनका कातिलाना अंदाज फैंस को काफी पसंद आता है। सनग्लासेस लगाकर एक्ट्रेस हिना खान ने बेहद ही सिजलिंग पोज दिए, जो फैंस को काफी पसंद आ रहे हैं। लेटेस्ट तस्वीरों में न्यूड मेकअप और ओपन हेयर स्टाइल में एक्ट्रेस हिना खान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर कहर बरपा रही हैं। एक्ट्रेस हिना खान अपने फैंस के लिए निजी और प्रोफेशनल पलों को साझा करती रहती हैं। बिग बॉस फेम हिना खान ने बेहद कम समय में इंडस्ट्री में खास जगह बनाई है।



एक्ट्रेस हिना खान टीवी एक्टर शहीर शेख के साथ बारिश बन जाना गाना में नजर आ चुकी हैं। हिना खान की फैन फॉलोइंग काफी तगड़ी है। उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर 18.8 मिलियन फॉलोवर्स हैं।

## ’थुनिवु’ ने इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दी दस्तक, हिंदी समेत इन भाषाओं में हुई रिलीज



दक्षिण भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार अजीत कुमार की फिल्म ‘थुनिवु’ 11 जनवरी, 2023 को सिनेमाघरों रिलीज हुई थी। थलपति विजय की फिल्म ‘वारिसु’ के साथ टकराने के बावजूद इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। जो इस फिल्म को सिनेमाघरों में देखने नहीं जा पाए हैं, वे लोग अब इसे घर बैठे ओटीटी पर देख सकते हैं। आप आज (8 फरवरी) से नेटफ्लिक्स पर अजीत की ‘थुनिवु’ का मजा ले सकते हैं।

’थुनिवु’ को तमिल, तेलूगु, मलयालम, कन्नड़ के अलावा हिंदी भाषा में भी रिलीज किया गया है। यह फिल्म एक एक्शन-थ्रिलर है, जिसमें अजीत के साथ अभिनेत्री मंजू वारियर मुख्य भूमिका में हैं। ‘थुनिवु’ का निर्माण बोनी कपूर ने किया है और एच विनोद इसके निर्देशक हैं। फिल्म को रिलीज हुए 28 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब भी लोग इसे देखने सिनेमाघरों में पहुंच रहे हैं। फिल्म अब तक दुनियाभर में 200 करोड़ रुपये का बिजनस कर चुकी है।

## सुबह-सुबह म्यूजिकल अलार्म बजेगा तो दिनभर मूड रहेगा अच्छा



**रातभर की नींद पूरी करने के बाद भी अगर सुबह आपकी नींद नहीं खुलती, सुस्ती और आलस आता रहता है और फ्रेशनेस महसूस नहीं होता तो मधुर म्यूजिकल अलार्म आपकी मदद कर सकता है। जी हां, अगर नींद से जागने के लिए आप ऐसा अलार्म लगाएं जिसमें से म्यूजिकल आवाज आती है तो इससे न सिर्फ आपकी सुस्ती और आलस दूर होगा बल्कि दिनभर आपका मूड भी अच्छा रहेगा।**

### अलार्म तय करता है सुस्ती दूर होगी या नहीं

एक रिसर्च में कहा गया है कि सुबह जिस तरह का अलार्म सुनकर लोग जागते हैं, वही तय करता है कि उनकी सुस्ती दूर होगी या नहीं। शोधकर्ताओं ने पाया है कि एक अच्छा म्यूजिकल अलार्म आपको पूरे दिन तरोताजा रखता है। इसके उलट तेज आवाज वाला अलार्म सुनने से सुबह के वक्त सुस्ती बढ़ सकती है। यह रिसर्च उन लोगों के लिए काम की है जो सुबह उठते ही काम पर लग जाते हैं।

### सजगता का स्तर बेहतर होता है

‘पीएलओएस वन’ नाम के जर्नल में इस रिसर्च को प्रकाशित किया गया है जिसे ऑस्ट्रेलिया की आरएमआईटी यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने किया है। रिसर्च में बताया गया है कि म्यूजिकल अलार्म सुनकर अगर किसी व्यक्ति की नींद खुलती है तो इससे उस व्यक्ति में सजगता का स्तर बेहतर हो सकता है यानी वो ज्यादा अलर्ट रह सकता है।

### मधुर आवाज सुनकर हम अच्छे से जाग पाते हैं

ऑस्ट्रेलिया की आरएमआईटी यूनिवर्सिटी में असोसिएट प्रफेसर एडरियान डायर ने कहा, ‘नींद से जागने पर ‘बिप बिप’ की तेज और कर्कश आवाज से दिमाग की गतिविधियां भ्रमित हो जाती हैं जबकि मधुर आवाज जैसे बीच बॉयज का गाना गुड वाइब्रेशन्स से हम अच्छे से जाग पाते हैं।’ रिसर्च में ये भी बताया गया है कि म्यूजिकल अलार्म सुनकर उठना उन लोगों के लिए खास मायने रखता है जो जागते ही खतरनाक हालात में काम करने के लिए पहुंच जाते हैं। जैसे- दमकल विभाग के कर्मचारी, पायलट के रूप में विमान उड़ाने का कार्य, अस्पताल या कोई अन्य आपात कार्य जिसमें लोगों को बेहद चौकन्ना रहना पड़ता है।

## सर्दियों की इन परेशानियों का इलाज है आंवला

आंवला सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद होता है. आंवला में भरपूर मात्रा में विटामिन-सी, आयरन, और कैल्शियम पाया जाता है. इसे कई तरह से खाया जा सकता है. कुछ लोग इसका अचार बना कर खाते हैं, कुछ मुरब्बा, कुछ लोग आंवले का जूस पीना पसंद करते हैं. सर्दियों में गुड़ के साथ आंवले का सेवन करने से शरीर में गर्माहट बनी रहती है और कई बीमारियों से बचाव भी होता है. इस खबर में हम आपको बताएंगे कि आंवला के कौन कौन से फायदे हैं.



### मजबूत होता है रोग प्रतिरोधक क्षमता

आंवले के जूस में विटामिन सी प्रचूर मात्रा में पाया जाता है. इससे शरीर की इम्यूनिटी मजबूत होती है.

### दिल के लिए है फायदेमंद

आंवले में पाया जाने वाला विटामिन सी दिल की सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है. जिन लोगों को कोलेस्ट्रौल की समस्या होती है, उन्हें नियमित रूप से आंवले का सेवन करना चाहिए.

### त्वचा के लिए है फायदेमंद

त्वचा की खूबसूरती बनाए रखने में विटामिन सी काफी कारगर होता है. इससे त्वचा टाइट होती है. झुर्रियों में भी ये काफी लाभकारी होता है. त्वचा की चमक बरकरार रकना चाहती हैं तो आंवला का सेवन जरूर करें. इसके अलावा आप दही में आंवला पाउडर मिला कर चेहरे पर लगा सकती हैं.

### सूजन में है असरदार

शरीर में मौजूद फ्री रेडिकल्स दिल, स्किन के साथ शरीर की इम्यूनिटी पर भी बुरा असर डालते हैं. ये फ्री रेडिकल्स शरीर में होने वाली सूजन के लिए जिम्मेदार होते हैं. इस सूजन से कई तरह की बीमारियां पैदा होती हैं.

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

### स्कूल शिक्षा मंत्री ने किया गरियाबंद में बिहान चौपाटी खोलने की घोषणा

# महिला दीदियों को गौठान और रीपा से मिल रहे रोजगार के नए अवसर - मंत्री डॉ टेकाम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजिम। राजिम माघी पुन्नी मेला के तीसरे दिन मंगलवार को आजीविका से आर्थिक सशक्तिकरण की ओर के तहत स्वसहायता समूह दीदीयों का बिहान सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम के मुख्यआतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिहावा विधायक श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव ने की। इस अवसर पर मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा अनुरूप महिला दीदियों को उन्नती के पथ पर अग्रसर करने विशेष योजनाएं चलाई जा रही है। गौठानों और रीपा के माध्यम से हजारों बहनों का आजीविका संवारने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में प्रगति के पथ पर बढ़ रहे हैं। मंत्री डॉ. टेकाम ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश धान का कटोरा है। यहां किसान की आर्थिक विकास के लिए कर्ज माफी और समर्थन मूल्य में धान की रिकार्ड तोड़ खरीदी की है।**





सभी किसानों का धान खरीदी किये हैं। पहली बार बिना किसी शिकायत के धान खरीदी सफलता पूर्वक हुआ है। यह अपने आप मे अद्भुत है। धान खरीदी में हमें देश में दूसरा स्थान मिला है। मंत्री डॉ. टेकाम ने कहा कि वन अधिकार पत्र के माध्यम से भी सशक्तिकरण करने का कार्य किये हैं। लघु वनोपज में कुल देश का 74 प्रतिशत लघुवनोपज हमारा राज्य खरीद रहे हैं। पहली बार मिलेट्स की खरीदी कर रहे हैं। कोदो कुटकी की खरीदी के बारे में किसी ने सोंचा नहीं था। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के लिए अंग्रेजी स्कूल खोलने का कार्य किये हैं। मंत्री जी ने बिहान समूह की महिलाओं की मांग पर गरियाबंद में बिहान चौपाटी खोलने की घोषणा करते हुए कहा कि चौपाटी के संचालन से आप सभी को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी भवनों को गोबर से बने पेंट का उपयोग किया जाएगा। हमारी सरकार द्वारा गोबर से बिजली बनाने की तैयारी की जा रही है। गोबर से इतनी आय हो सकता है, तो समृद्धि होगी ही। उन्होंने शासन की कई जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि समिति के माध्यम से बहनों को लाभ मिल रहा है। मंचीय कार्यक्रम के पूर्व मंत्री श्री टेकाम ने विभिन विकास कार्यो का भूमिपूजन और लोकार्पण किया, जिसमें 6 करोड 90 लाख 35 हजार रुपये के 228 कार्यों का भूमिपूजन और 2 करोड़ 39 लाख 36 हजार रुपये के 51 कार्यों का लोकर्पण किया गया। उन्होंने महिला समूहों द्वारा बनाए गए स्टॉल का अवलोकन करते हुए उनके उत्पादों की सराहना की और बाजार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही सिहावा विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र की गरीब महिलाओं को आर्थिक रूप से संपन्न करने के लिए बिहान योजना से जोड़कर रोजगार मूलक कार्य उपलब्ध करा रही है। इस योजना ने ग्रामीण महिलाओं की जिंदगी बदल दी है। साथ ही स्व सहायता समूह के रूप में संगाठित कर उन्हें क्षमतावर्धन आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर स्वरोजगार प्रदान किया जा रहा है। आज महिलाएं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना से जुड़कर स्वरोजगार की ओर अग्रसर होकर अपने सपने को साकार कर रही हैं। गरियाबंद जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती स्मृति नीरज ठाकुर ने कहा कि बिहान समूह की महिलाओं को हमारी सरकार ने लाभ दिया है। पहले महिलाओं को रोजगार नहीं मिल पा रहा था। अब गौठान के माध्यम से लाभ अर्जित कर रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल महिलाओं की सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया है, जिससे बहनें आत्म निर्भर बनी रहे।

इस अवसर पर मंत्री डॉ. टेकाम ने ग्राम डुमाघाट के किसान नारायण मरकाम को अनुदान में 10 लाख रूपए का ट्रैक्टर ट्राली प्रदान किया। उन्होंने आदर्श शिक्षक पुरस्कार अंतर्गत आदिवासी बालक आश्रम धवलपुर के दुर्योधन मरकाम को 10 हजार रूपए प्रथम पुरस्कार, द्वितीय पुरस्कार दमोदर साय नेगी आदिवासी बालक आश्रम बड़े गोबरा 7500 रूपए एवं तृतीय विष्णुचरण सोनवानी आदिवासी बालक आश्रम बुरजाबहाल 5000 रूपए प्रदान किया गया। फिंगेश्वर ब्लॉक के 20 मोची परिवार को मोची पेटी प्रदान किया गया। वहीं आदिवासी संस्कृति का परिरक्षण एवं विकास योजना अंतर्गत तीन संस्कृति दलों को 10-10 हजार रूपए के अलावा 20 हितग्राहियों को वन अधिकार मान्यता पत्र प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत श्रीमती लक्ष्मी साहू, फिरतु राम कंवर, जनपद अध्यक्ष पुष्पा-जगन्नाथ साहू, जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू, नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी, रामा यादव, बनसिंह सोरी, वंदना राजपूत, भरत दीवान, सरपंच सुंदर साहू, सरपँच सीताराम ध्रुव, जनप्रतिनिधिगण, गरियाबंद कलेक्टर प्रभात मलिक, जिला पंचायत सीईओ रीता यादव एवं बिहान के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिला दीदी मौजूद थे।

## छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति अथाह सागर है - ममता चन्द्राकर

**राजिम।** राजिम माघी पुन्नी मेला का मंच की अपनी अलग गरिमा है। यह एक राष्ट्रीय मंच है, इसे पूरा विश्व देखता हैं। उक्त बातें माघी पुन्नी मेला के दूसरे दिन स्वर कोकिला पद्मश्री ममता चन्द्राकर ने कही। उन्होंने मीडिया सेन्टर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि बचपन से ही मेरी रूचि गायन पर रही है। मेरे परिवार से मुझे कला उपहार के रूप में मिला है क्योकि परिवार के सभी सदस्य कला से जुड़े हुए थे। शुरूआती दौर में हिन्दी फिल्मों के गीतों पर ज्यादा ध्यान देती थी परन्तु जैसे ही छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति को समझने का मौका मिला। यह अथाह सागर है। इसे जानने के लिए यह जनम भी कम पड़ेगा। सन् 1974 में अरपा पैरी के धार पर प्रस्तुति दी। गोपाल दास वैष्णव ने इसका धुन तैयार किया था नरेन्द्र देव वर्मा ने लिखा है। राजगीत का दर्जा मिलने से मैं बहुत प्रसन्न हूं।



एक प्रश्न पर उन्होंने कहा कि जिस समय मैं गीत गाने के लिए मंचो पर जाती रही उस दौर पर महिलाओं या फिर बेटियों की प्रस्तुति पर उन्हें देखने का नजरिया कुछ अलग होता था। स्पष्ट हैं बहुत सारी बंदिशे थी। सन् 1992 में मेरी पहली एलबम आया। श्रीमती चन्द्राकर ने आगे कहा कि अभी के कलाकार बहुत जल्दी में है। जबकि कला साधना है इसके लिए खूब मेहनत करनी पड़ती है। समय आने पर श्रम का फल जरूर मिलता है। इसलिए कर्म करें फल आपको मिल ही जायेगा। मेरे कार्यक्रम को देखने के लिए लाखों की भीड़ नहीं बल्कि 5 आदमी ही काफी है क्योंकि यही पांच लाखों के बराबर है। चर्चा के दौरान श्रीमती ममता चन्द्राकर कला के क्षेत्र में अपने पुराने दिनों को यादकर रोमांचित हो उठी। वह बताती है कि मैं आज भी प्रतिदिन अभ्यास करती हूं। क्योंकि आगे बढ़ने का यही श्रेष्ठ जरिया है। उन्होंने बताया कि खाने में छत्तीसगढ़ी व्यंजन खूब पसंद है आज भी घरों मे इन्हें बनाती भी हूं और खाती भी हूं। नयी-नयी चीजो की कॉपी करने का शौक मुझे बचपन से है। इस अवसर पर मीडिया सेन्टर पर गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। प्रमुख रूप से संचालक श्रीकांत साहू, युवराज साहू, रोशन साहू, संतोष कुमार सोनकर, प्रकाश वर्मा, योगेश साहू, चेतन चौहान, वीरेन्द्र साहू, खुमान साहू इत्यादि मौजूद थे।

## नदी मंच में बिखरी लोक संस्कृति की छटा

**राजिम।** राजिम माघी पुन्नी मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत नदी मंच में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा लोकधुन, लोकनृत्य एवं लोकगीत के माध्यम से बिखरती रहीं। दर्शक ताली बजाकर लुफ्त उठाते रहें। चौबेबांधा के लक्ष्मीनारायण मानस मंडली की शानदार प्रस्तुति ने घंटो बांधे रखा। गायक दीपक श्रीवास ने धार्मिक भजनों से महौल बनाया तो व्याख्याकार संतोष कुमार सोनकर ने सुंदरकांड प्रसंग पर कहा कि हनुमान की तरह शक्ति सभी में मौजूद है बशर्ते उसे बाहर निकालने की आवश्यकता है। जामवंत के द्वारा कहने पर हनुमान को यकीन नहीं हुआ इसलिए समुद्र के किनारें एक सुंदर पहाड़ पर चढ़कर अपने शक्ति का परीक्षण किया। हर बार रामचन्द्र उन्हें संभालते रहें। ईश्वर हर




क्षण हमारी सुरक्षा करते हैं। लेकिन हम समझ नहीं पाते। राम कृपा हमारें जीवन में मार्ग प्रशस्त करते हैं। श्री सोनकर ने कहा आगे कहा कि रामचन्द्र जी वनवास काल में छतीसगढ़ में सबसे ज्यादा समय व्यतीत किया। माता कौशिल्या की भूमि भांजा राम की कृपा रचे बसे है। बकली के मंशाराम द्वारा जय सतनाम चौका भजन प्रस्तुत किया गया। गरियाबंद के प्रेम यादव ने आदिवासी नृत्य की छटा बिखेरी। एक ही वेशभूषा में नृत्य का जलवा देखने को मिला। खट्टी पांडुका के पुना बाई बंसोड़ ने कपालिक शैली पर महाभारत के प्रसंग को शानदार प्रस्तुत किया। बेलसोढ़ा महासमुन्द के पुरानिक साहू ने लोक नाचा के माध्यम से दर्शकों के दिलों में जगह बना ली। कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र पंत एवं दुर्गेश तिवारी ने किया। सांस्कृतिक प्रभारी पुरूषोत्तम चंद्राकर, किशोर निर्मलकर, देवेन्द्र, सुखेन साहू आदि व्यवस्था में लगे हुए है।

## लक्ष्मण झुला ने त्रिवेणी संगम की रौनकता बढ़ा दी

**राजिम।** 5 फरवरी से प्रारंभ माघी पुन्नी मेला की रौनकता दिन-प्रतिदिन निखर रही है। मेला के तीसरे दिन भी अच्छी खासी भीड़ देखी गई। मांमा भांजा मंदिर से लगा हुआ लक्ष्मण झुला 610 मीटर की लंबाई में भगवान कुलेश्वरनाथ महादेव के मंदिर तथा दूसरे छोर पर धमतरी जिला के सीमा में स्थित लोमश ऋषि आश्रम आसानी से पहुंचा जा रहा हैं। मेले में भीड़ ज्यादा होने के कारण श्रध्दालुओं को व्यवस्थित ढंग से चलने के लिए व्यवस्था की गयी है। झुला के मध्य में लोहे का खंभा लगाकर दांये - बायें चलने के लिए डोर लगा दिया गया है। ज्यादा भीड़ होने पर उन्हें कवरेज करने के लिए बीच-बीच में स्टापेज बनाया गया हैं। शाम को आकर्षक और रंग बिरंगी लाइट की रोशनी से झुला की आभा निखर जाती हैं। तरह-तरह के रंग बिरंगी लाइटें आकर्षक दृश्य प्रस्तुत कर रहीं है। उल्लेखनीय है कि इस लक्ष्मण झूला कों 33 करोड़ की लागत से बनाया गया है। लोहे के एंगल एवं प्लेट आर्च की सुंदरता को बढ़ा दिया है। बेमेतरा से पहुंचे पोषण साहू, योगेश साहू, हरि, जीवन, धनेश्वर ने बताया कि वह पहली बार लक्ष्मण झूला चढ़े हैं। झुला के मध्य में जाने पर उनका हिलना बहुत ही अच्छा लगा। धन्य हैं यहां के लोग जिसे भगवान राजीव लोचन की प्रतिदिन दर्शन हो रहें है। हम तो एक ही दिन में अति प्रसन्न हो रहें है। राजनांदगांव की बैसाखिन बाई, धर्मिन बाई, सुनीता, योगेश्वरी, दिल्ती बाईं ने बताया कि परिवार के संग मेला घुमने आये हैं। पहली बार लक्ष्मण झूला चढ़ा। महादेव की कृपा से उनका दर्शन भी हो गया। हमारे बड़े भाग्य है। धमधा जिला बेमेतरा से कुमारी, गीता, महासमुंद के गोपाल, दयालु राम, टिल्लु, देवभोग के देवानंद ने बताया कि लक्ष्मण झूला चढ़ने के लिए ही हम यहां पर आये है। पहले बहुत ज्यादा नाम सुना था कि यह झूला ऋषिकेश में हैं अगर इसे देखना है तो सैकड़ों मील दूरी तय करते, लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयास से राजिम संगम में ही इसे देखने का मौका मिल गया इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है।



# पद्मश्री ममता चंद्राकर के चिन्हारी कार्यक्रम दर्शक जमकर झूमे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजिम।** राजिम माघी पुन्नी मेला के दूसरे दिन मुख्यमंच पर पद्मश्री ममता चंद्राकर के चिन्हारी कार्यक्रम में दर्शक जमकर झूमे। छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीतों में खूब तालियां बटोरी। दूसरे दिन मुख्यमंच पर कार्यक्रम की शुरूआत लोकमाया के संरक्षक महेश वर्मा व सहयोगी कलाकारों की प्रस्तुति रही। मंच पर अपने नृत्य और गीत का ऐसा छाप छोड़ा कि देखने वाले दर्शक देखते ही रह गए। उन्होंने एक से एक नए गीत की प्रस्तुति मंच पर दी, उनके कई गीतों में छत्तीसगढ़ी संस्कृति झलक रही थी। लोकमाया परिवार के कलाकारों द्वारा सबसे बेहतरीन प्रस्तुति बस्तरिहा नाच मोर ताल मा...... धूम मचा दिया। इस गीत को सुनकर दर्षक भी खूब तालिया बजाई इसके बाद कर्मा नृत्य, विवाह गीत, जैसे अनेक गीत की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया।

मंच पर कार्यक्रम की अगली कड़ी में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध चिन्हारी के पद्मश्री ममता चन्द्राकर का प्रस्तुति ही। अपने पुराने स्टाइल में विवाह के गीत ऐ मोर दाई सीता ला बिहावे राजा राम... की प्रस्तुति दी। अपने आवाज के जादू से दर्शको को अंत तक बांधे रखा। चिन्हारी परिवार के द्वारा तोर सुरता मा संगी गीत सुन दर्शक भी गुनगुनाने लगे। मुख्यमंच मंच पर ममता रूपी बादल छाया हुआ था जिसमें एक से बढ़कर एक गीतों की बौछारे के साथ लुप्त हो रही नाचा देवार गीत, मड़ई संस्कृति आदि को मंच के माध्यम से लोगो तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। उसके बाद उनका सबसे प्रसिध्द गीत तोर मन कैसे लागे राजा की प्रस्तुति ने तो दर्शको में एक नई ऊर्जा भर दी।




### मशरूम कैमिकल मुक्त विटामिन से भरपूर खाद्य सामग्री - चोवाराम

**राजिम।** राजिम माघी पुन्नी मेला में विभिन्न प्रकार के शासकीय स्टॉल तीनों जिलो धमतरी, गरियाबंद, रायपुर से लगाए गए हैं। धमतरी जिले के स्टॉल में मशरूम किसान चोवा राम साहू ने भी अपना स्टॉल लगाया हैं। उन्होने बताया कि मशरूम स्वच्छ वातावरण में उत्पादित उच्च कोटि के विटामिन खनिजो से भरपूर शाकाहार मशरूम में अनेक प्रकार के पौष्टिक तत्व पाये जाते हैं। जैसे: विटामिन डी, 12 फोलिक अम्ल व विटामिन सी, बहुउपयोगी लवण, लौह, सोडियम, पोटैशियम, फास्फोरस पाया जाता हैं। यह कम वसा अर्थात् कम कैलोरी का भोजन हैं। आगे बताया कि पिछले कुछ सालो मे हर परिवारो मे बिमारियों ने पैर जमाया है। जहरीली खेती और मिलावट खोरी इसका बड़ा कारण है। विषैली मिलावटी खाना खाकर बीमार बने रहना हमारी मजबूरी बन गयी है। केवल महंगी दवा खाकर स्वस्थ हो जाने की कोशिश करना व्यर्थ इस मजबूरी से निदान दिलाना हमारा प्रयास हैं।

### थ्रीडी कोस्टर झूला बना आकर्षण का केन्द्र

**राजिम।** राजिम माघी पुन्नी मेला में लोग अपने हिसाब से घूमने का, खाने का, झुले का सहित अलग-अलग आनंद लेते नजर आ रहे हैं। इस बार मेले में विभिन्न प्रकार के झूले देखने को मिल रहा है। राजिम मेला में पहली बार थ्री डी कोस्टर झूला देखने को मिला। झुले के संचालक सूर्यप्रकाश साहू भखारा कुर्मातराई ने बताया कि बड़े-बड़े मॉल में आम आदमी नहीं जा सकते इसके लिए अधिक पैसा खर्च करना पड़ता है। इसी से प्रभावित होकर इन्होंने इस झूले का निर्माण किया, ताकि आम आदमी भी इस झूले का आनंद उठा सके। उन्होंने बताया कि इस झूले के निर्माण में 3 से 4 लाख रूपए की लागत लगी है। इस झूले में प्रोजेक्टर साउंड सिस्टम व हाईड्रोलिक पावर का इस्तेमाल किया गया है। इसके अन्दर बैठने से लगता है कि हम किसी गहरी खाई व झील के ऊपर से झूले का आनंद ले रहे है। अब तक 27 गांवों मे अपने झुले का आनंद लोगों को दिला चुके है।

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर



### अवैध रेत परिवहन पर जिला प्रशासन की सख्त कार्यवाही, 06 ट्रैक्टर जब्त

**कोरबा (ए)।** कलेक्टर संजीव झा के निर्देशानुसार जिले में अवैध रेत तथा ईंट परिवहन में कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आज अवैध रेत परिवहन करते पाये जाने पर 06 ट्रैक्टरों को जप्त किया गया है। जिला खनिज अधिकारी प्रमोद नायक ने बताया कि जप्त 06 ट्रैक्टरों में सीतामणि से 1 ट्रैक्टर, बरबसपुर से 1 ट्रैक्टर, भिलाईखुर्द से ईंट भरे हुए 1 ट्रैक्टर जप्त किया गया है।

तीनों को कोतवाली थाना में अभिरक्षा में रखा गया है। इसी प्रकार से कुदुरमाल से 1 ट्रैक्टर जप्त कर मानिकपुर चैकी में, तरदा से 1 ट्रैक्टर तथा भैंसामुड़ा से 1 ट्रैक्टर को जप्त कर उरगा थाना में अभिरक्षा में रखा गया है। खनिज अधिकारी ने बताया कि जप्त किए गए अवैध रेत और ईंट परिवहन पर एमएमडीआर एक्ट के तहत आगे की कार्यवाही की जाएगी। अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन पर आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी।

### चलती ट्रेलर में लगी आग, बाल-बाल बचा ड्राइवर

**बिलासपुर (ए)।** जिले में सड़क दुर्घटना लगातार जारी है। कोयला लोड ट्रेलर में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि ट्रेलर का डीजल टैंक फट गया, जिसके चलते उसमें आग लग गई। देखते ही देखते आग केबिन तक पहुंच गई। इस दौरान चलती गाड़ी से कूदकर ड्राइवर ने अपनी जान बचाई। हादसा सकरी थाना क्षेत्र में हुआ है। पुलिस ने बताया की मंगलवार की देर शाम ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 एएल 5399 कोयला लेकर निकला था। ट्रेलर अभी लोखंडी फाटक के पास पहुंचा था। उसी समय अचानक ट्रेलर में आग लग गई। कुछ ही देर में आग पूरे ट्रेलर में फैल गई। इस दौरान राहगीरों ने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी।

जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम फायर बिग्रेड के साथ मौके पर पहुंच गई। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग को काबू में कर लिया। इस हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। बताया जा रहा है कि डीजल टैंक फटने से ट्रेलर में आग लगी थी। आग की लपटें केबिन तक पहुंचने पर ड्राइवर रवि कुमार कैवर्त्य को इसकी जानकारी हुई, तब वह किसी तरह चलती ट्रेलर से कूद कर अपनी जान बचाई। पुलिस उससे पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

### प्रधान पाठक ने लगाई फांसी

**रायगढ़ (ए)।** घरघोड़ा विकास खंड अंतर्गत शिक्षा विभाग में कार्यरत नवापारा टेंडा शासकीय बालक प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक बजरूराम भगत 60 वर्ष ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार बजरूराम भगत रात में घर से चुपचाप निकल कर स्कूल से लगे बालक छात्रावास के सामने सागौन पेड़ पर रस्सी का फंदा बनाकर झुल गए। आज सुबह ग्रामीण को इसका पता चला तो गांव में आग तरह खबर फैल गई। घर वालों को सूचना दी गई, वहीं पुलिस को इसकी जानकारी गांव वालों ने दी। आनन-फानन में घरघोड़ा थाना टी.आई. रमेश बैस स्टाफ को लेकर घटना स्थल पर पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए आसपास की तलाशी की गई, घरवालों से पूछताछ कर गांव वालों से विस्तृत जानकारी जूटाने का प्रयास किया गया। मामला सरकारी कर्मचारी का था इसलिए सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

## बेटे ने बाप के साथ मिलकर मां को मार डाला

# 2 साल से अलग रह रही थी महिला, आपसी विवाद के चलते सिल मारकर ली जान

**बलौदाबाजार (ए)।** बलौदाबाजार जिले के ग्राम गोरधा में सोमवार को बेटे ने पिता के साथ मिलकर अपनी मां को मौत के घाट उतार दिया। आपसी विवाद में ये हत्या हुई है। पुलिस ने आरोपी पिता और बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। मामला कसडोल थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, महिला गुरबारी बाई (44 वर्ष) कस्तूरबा छात्रावास कसडोल में रसोईया का काम करती थी। घरेलू विवाद के कारण पिछले कुछ सालों से महिला अपने पति से अलग गोरधा गांव में रह रही थी। सोमवार 6 फरवरी को पुलिस को सूचना मिली कि गोरधा कस्तूरबा हॉस्टल के सामने एक महिला पर सिल से हमला किया गया है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। वहां महिला के सिर से भारी मात्रा में खून निकल रहा था और पूरा शरीर लहूलुहान था। जब जांच की गई, तो पता चला कि महिला की मौत हो चुकी है।

जांच में पता चला कि मृत महिला गुरबारी बाई के बेटे योगेश कहरा (24 वर्ष) और पति परसराम कहरा (45 वर्ष) ने ही प्लानिंग के तहत उसकी हत्या कर दी है। बेटे योगेश ने अपनी मां पर सिल से जानलेवा वार किया, जिससे उसका सिर फट गया। दोनों आरोपी बाप-बेटे बिलाईगढ़ के टीकरीपारा वार्ड क्रमांक- 3 में रहते हैं। वे कस्तूरबा हॉस्टल आए। बेटे ने अपनी मां को बाहर बुलाया और उससे किसी बात पर झगड़ा करने के बाद उसकी हत्या कर दी।

कसडोल थाना पुलिस ने बताया कि गुरबारी बाई के साथ दोनों पिता-बेटे का आपसी विवाद चल रहा था। आरोपी बेटे ने बताया कि उसकी मां उनकी बात नहीं मानती थी। पुलिस ने दोनों आरोपी पिता-बेटे को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 302, 201, 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। महिला के शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### एक महीने पहले एक बेटे ने अपनी मां की कर दी थी हत्या

एक महीने पहले रायपुर में एक बेटे ने अपनी ही मां की जान ले ली था। इसके बाद बेटा भाग गया था। यह मामला रायपुर के टेकारी गांव का था। 56 साल की बुजुर्ग महिला की हत्या की जांच रायपुर के मुजगहन थाने की पुलिस कर रही है। बूढ़ी मां सुबह किचन में काम कर रही थी। वो बेटे के लिए ही निवाले का बंदोबस्त कर रही थी। उसके लिए खाना बना रही थी, मगर उसी बेटे ने अपनी मां की जिंदगी छीन ली। पुलिस को रसोई घर में महिला की लाश पड़ी मिली। जिसके आसपास खून बिखरा हुआ था। बताया जा रहा है कि फावड़े या हथोड़े के इस्तेमाल से महिला के सिर पर बेरहमी से वार करके इसकी जान ले ली गई। पड़ोसियों ने पुलिस को खबर दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने बारीकी से जांच की । पुलिस के मुताबिक सुबह करीब 10 :30 बजे के आसपास महिला की हत्या कर दी गई। रसोई में खाना बनाने के दौरान महिला फूलबाई यादव का अपने बेटे कमल यादव से विवाद हुआ, जिसके बाद कमल यादव ने सिर पर हमला करके अपनी ही मां की हत्या कर दी । पुलिस को आसपास के लोगों से जानकारी मिली है कि कमल नशे का आदी था

# सीआरपीएफ जवान ने सर्विस राइफल से खुद को मारी गोली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में मंगलवार सुबह सीआरपीएफ के जवान ने अपनी ही सर्विस राइफल से खुद को गाली मारकर आत्महत्या कर ली है। जवान तीन दिन पहले ही छुट्टी से कैंप लौटा था। जवान नक्सल मोर्चे पर तैनात था और उसकी खुदकुशी का कारण अभी सामने नहीं आया है। घटना कीसूचना मिलने पर पुलिस और अफसर मौके पर पहुंच गए हैं। शव को मरच्यूरी में रखवाया गया है। यह मामला बीजापुर के कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार केरल के चित्तूर पालक्कड निवासी बीनू एम (37) पुत्र मणिकान सीआरपीएफ 85 वीं बटालियन हेडक्वाटर में पदस्थ था। मंगलवार सुबह करीब 9 बजे सभी जवान ड्यूटी पर जाने के लिए तैयार थे। इसी दौरान बीनू एम अपने बैरक में गया और अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली चलने



की आवाज सुनकर साथी जवान बैरक की ओर दौड़कर पहुंचे तो देखा कि बीनू एम खून से लथपथ जमीन पड़ा था। गोली लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी।

घटना की सूचना कैंप से ही केरल में उनके परिजनों को दे दी गई। फिलहाल शव को मरच्यूरी में रखवाया गया है। बीनू एम ने खुदकुशी क्यों की इसकी जानकारी नहीं हुई है। कुछ दिन पहले ही वह छुट्टियों में अपने घर केरल गया था। तीन दिन पहले ही वह कैंप में वापस लौटा है। जवान की आत्महत्या से साथी जवान भी सकते में हैं। फिलहाल कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों के आने के बाद शव का पीएम कराया जाएगा।

# कम्प्यूटर दुकान संचालक कमीशन लेकर बना रहा था ई-टिकट, आरपीएफ ने पकड़ा

**बिलासपुर (ए)।** रेल सुरक्षा बल ने मंगलवार को चिंगरापारा स्थित कम्प्यूटर दुकान में दबिश देकर संचालक को ई-टिकटों की हेराफेरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। लैपटाप की जांच करने पर 11 टिकट बनने की पुष्टि हुई है। संचालक के खिलाफ रेलवे अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

आरपीएफ ई-टिकटों की कालाबाजारी करने वालों पर पैनी नजर रख रही है। समय-समय अभियान भी चलाया जाता है। इस बीच मुखबिर से सूचना मिली कि चिंगराजपारा स्थित ग्लोबल टच कम्प्यूटर दुकान का संचालक आधार कार्ड, मनी ट्रांसफर के साथ ही रेलवे ई-टिकट बनाता है। इसके एवज में संबंधित व्यक्ति कमीशन भी लेता है। इस जानकारी के बाद आरपीएफऔचक जांच करने की



योजना बनाई।

टीम दुकान में पहुंची। उस समय संचालक सनी यादव(31) निवासी वार्ड क्रमांक 41 दुर्गा मंदिर के पास मौजूद था। उससे पूछताछ करने पर पहले तो मना करता रहा, लेकिन सख्ती बरतने पर संचालक ने पूरी जानकारी दी। उसके लैपटाप में पर्सनल आइडी से 11 टिकट बने थे। 21 हजार 239 रुपये के इन टिकटों को जब्त कर लिया गया। जांच में प्रथम दृष्टया रेलवे अधिनियम की धारा 143 का दोषी पाकर गिरफ्तार किया गया।

# तेज रफ्तार कार बाइक को टक्कर मारने के बाद पलटी, बाइक सवार एक युवक की मौत, तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**बिलासपुर (ए)।** जिले में तेज रफ्तार कार बाइक को टक्कर मारने के बाद पलट गई। इस हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं, कार सवार समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं, उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि बाइक सवार तीन युवक अपने रिश्तेदार के यहां बर्थडे पार्टी मनाने के लिए जा रहे थे। तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। हादसा कोटा थाना क्षेत्र में हुआ है।

जानकारी के अनुसार, कोनी क्षेत्र के ग्राम नीरतू निवासी भूपेंद्र यादव (28) अपने दो दोस्तों के साथ मंगलवार की शाम बिल्लीबंद जा रहा था, जहां उसके



रिश्तेदार के घर पर बर्थडे मनाया जा रहा था। अभी बाइक सवार तीनों युवक गनियारी के पास पहुंचे ही थे,तभी कोटा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार तीन युवक सड़क से दूर जा गिरे। इस हादसे में बाइक सवार भूपेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे में मृतक भूपेंद्र के दो साथी भी गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर, बाइक को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित कार सड़क से उतरकर पलट गई, जिससे कार सवार गंगानगर निवासी आयुष बघेल भी घायल हो गया। बताया जा रहा है कि कार को अभिषेक शर्मा चला रहा था। दुर्घटना के बाद वह कार को छोड़कर भाग गया। इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

## बुलेरो में पुलिस सायरन लगाकर बजा रहा था युवक

# लोगों ने वीडियो बनाकर एसपी को भेजा, 2000 का कटा चालान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** चार पहिया वाहन बुलेरो में पुलिस सायरन लगाकर युवक सड़क पर रौब दिखा रहा था। गाड़ी को आगे पीछे कर सायरन बजा रहा था। सायरन सुनने वाले आसपास के लोग काफी परेशान हो रहे थे लेकिन बोलेरो चला रहे युवक को कोई फर्क नहीं पड़ रहा था। इस दौरान लोगों ने सायरन बजाते हुए उसका वीडियो बनाया और एसपी डॉ अभिषेक पल्लव को भेज दिया। फिर क्या था पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और उसके वाहन से सायरन निकलवाया और उसका 2000 रुपए का चालान भी बनाया।




दुर्ग पुलिस ने इन दिनों से आम लोगों द्वारा सड़क पर स्टंटबाजी करने वालों से लेकर बाइक व अन्य वाहनों में ध्वनी प्रदूषण फैलाने वाले प्रेशर हॉर्न वालों पर कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में एक दिन पहले रिसाली सेक्टर निवासी निखिल जांगड़े पिता प्रदीप जांगड़े अपनी बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी 04 ईडी 2198 लेकर बाजार क्षेत्र में घूम रहा था। इस दौरान एक जगह वह बोलेरो को आगे पीछे कर रहा था इस दौरान उसके वाहन से तेज पुलिस सायरन बज रहा था। सायरन सुनकर आसपास के लोग शॉक्ड हुए क्योंकि बोलेरो में बैठा युवक न तो वीआईपी लग रहा था और नही पुलिस कर्मी। मौके से लोगों ने सायरन बजाते हुए उसका वीडियो बनाया और दुर्ग एसपी डॉ अभिषेक पल्लव को भेज दिया। पुलिस ने भी तत्परता दिखाई और रजिस्ट्रेशन नंबर के जरिए वाहन का पता लगाया और यातायात कंट्रोल बुलाकार उसका 2000 रुपए का चालान बनवाया। इस दौरान उसका सायरन भी निकलवाया। दुर्ग पुलिस लगातार लोगों से अपील कर रही है कि सड़क पर स्टंट करने वाले व प्रेशर हॉर्न बजाने वालों की वीडियो पुलिस को भेजें। पुलिस ऐसे लोगों पर कार्रवाई करेगी।

# बृजमोहन अग्रवाल के रिश्तेदार के घर पर करोड़ों की चोरी, शादी में रायपुर गया था परिवार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** शहर में एक कांट्रेक्टर के घर पर बड़ी चोरी हो गई है। यह कारोबारी भाजपा के दिग्गज नेता व विधायक बृजमोहन अग्रवाल का रिश्तेदार है और परिवार के साथ रायपुर में उन्हीं के घर पर शादी समारोह में गया हुआ था। पीछे से चोरों ने घर पर धावा बोला और सोने चांदी के जेवर सहित लगभग 10 रुपए नगदी चुरा लग गए। बताया जा रहा है कि चोरी हुए सोने चांदी के सामान की कीमत लगभग एक करोड़ रुपए है। फिलहाल मामले की शिकायत पद्मनाभपुर चौकी में की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।





मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग के ओल्ड आदर्श नगर निवासी विधायक बृजमोहन अग्रवाल के रिश्तेदार पंकज राठी के घर पर चोरी हुई है। परिवार के सभी लोग बृजमोहन अग्रवाल के घर शादी समारोह में शामिल होने रायपुर गए थे। घर के लोग 5 फरवरी को रायपुर गए थे और 6 फरवरी को शादी अटेंड की। मंगलवार की सुबह पंकज राठी को कॉल गया कि उसके घर चोरी हुई है। इसके बाद पंकज राठी घर वापस आया और पुलिस को सूचना दी।

जब परिवार के लोग घर पहुंचे, तो सभी अलमारियां टूटी हुई थीं और सामान बिखरा हुआ पड़ा था। पंकज राठी ने बताया कि उसके अलमारी से करीब डेढ़ किलो सोना, 15 किलो चांदी और 10 लाख रुपए नगद चोरी हुआ है। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पद्मनाभपुर चौकी व कोतवाली पुलिस आसपास के सीसी टीवी फुटेज खंगाल रही है। दुर्ग पुलिस का दावा है कि जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### संपूर्ण स्वच्छता माडल पर होगा काम, पहले चरण में 25 गांवों में होगा काम

**दुर्ग।** जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को बढ़ावा देने और सभी गांवों को स्वच्छ सुंदर बनाने संपूर्ण स्वच्छता माडल पर काम होगा। पहले चरण में इसके लिए 25 गाँवों को लिया जाएगा और इसके पश्चात सभी ग्राम पंचायतों में इसका विस्तार किया जाएगा। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने यह निर्देश पंचायत विभाग के अधिकारियों की बैठक में लिये। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार सुराजी गांवों के महात्मा गांधी के विचार को लेकर चल रही है। शासन की मंशानुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में प्रमुखता से स्वच्छता और सुंदरता को बढ़ावा देना अहम है। इसके लिए हमें संपूर्ण स्वच्छता माडल पर काम करना होगा। कलेक्टर ने इस मौके पर कहा कि संपूर्ण स्वच्छता माडल के अभियान के लिए युद्धस्तर पर जुटना है। इसके लिए केवल प्रशासनिक अमले की सक्रियता ही पर्याप्त नहीं है। इस महती लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सामुदायिक भागीदारी भी बहुत जरूरी है। सबसे पहले यह देखना अहम है कि जल निकासी बेहतर तरीके से हो। क्योंकि गंदगी सबसे ज्यादा जल निकाली की पुख्ता व्यवस्था नहीं होने से पनपती है। घरों में सोक पीट को बढ़ावा देकर यह कार्य किया जाएगा। इसके लिए जरूरी है कि सभी गाँवों में लोगों से मिले और ड्रेनेज को लेकर उन्हें सलाह दें। इसके साथ ही चैक चैराहों की सुंदरता भी अहम है।

### धूम धाम से मनाया जा रहा है मातृ-पितृ पूजन दिवस

**दुर्ग।** युवा सेवा संघ,श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग व बालसंस्कार विभाग के तत्वावधान में माता पिता पूजन दिवस कार्यक्रम जगह जगह जैसे शक्ति चौक धनोरा, गौठान बोरसी ,कातरो, अटल आवास पोटिया दुर्ग में बड़े ही धूम धाम से मनाया गया,इस कार्यक्रम में बच्चे व बड़े ही उत्साह पूर्ण भाग लिए,संघ द्वारा जानकारी दी गई कि जगह जगह स्कूलों में ये पूजन दिवस मनाया जा रहा है ये कार्यक्रम हमारी भारती संस्कृति के अनुकूल संत श्री आसाराम जी बापू की प्रेणा से यह कार्यक्रम पूरे भारत मे व विदेशों भी पूजन दिवस मनाया जाता है,यह कार्यक्रम की सुरुवात फरवरी माह के प्रथम सप्ताह से सभी जगह सुरु हो जाती है। यह माता पिता पूजन दिवस की सुरुवात सर्वप्रथम हरिओम गुंजन करके प्रथना की गई,फिर बच्चों ने अपने अपने माता पिता के सिर पर तिलक लगाये, हार फूल चढ़ाये और आरती करके सात परिक्रमा लगाए,माता पिता को बच्चों ने मिठाई खिलाये,आँखों से प्रेम की आँसू बहने लगे,अति उत्तम दृश्य था,कार्यक्रम के अंत मे पूर्णाहुति भी दिए।

# दुर्ग जिले में खुलेंगे 12 मिलेट्स कैफे मिलेट्स आन व्हील भी होगा शुरू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। मिलेट्स के व्यंजनों की लोकप्रियता को देखते हुए जिले के नगरीय निकायों में 12 मिलेट्स कैफे आरंभ किये जाएंगे। यहां मिलेट्स से बनने वाले लोकप्रिय व्यंजन नागरिकों के लिए उपलब्ध होंगे। इसका संचालन एनयूएलएम से जुड़े महिला समूह के उद्यमी करेंगे। मिलेट्स व्यंजनों के विशेषज्ञ शेफ इन्हें व्यंजन बनाने का प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। मिलेट्स कैफे को लेकर मंगलवार को कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने अधिकारियों से विस्तार में चर्चा की।**

इस मौके पर उन्होंने कहा कि मिलेट्स कैफे के साथ ही मिलेट्स आन व्हील भी तैयार करें ताकि मिलेट्स के पौष्टिक व्यंजनों को और लोकप्रियता मिल सके और उद्यमियों के लिए अच्छे अवसर पैदा हो सकें।

कलेक्टर ने कहा कि भिलाई में 2 और शेष नगरीय निकायों में एक मिलेट कैफे आरंभ होगा। उन्होंने कहा कि मिलेट के व्यंजन काफी स्वादिष्ट होते हैं और दुर्ग के नागरिकों के लिए भी यह खास अनुभव होगा। इसी तरह जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए भी जैविक सीमार्ट आन व्हील भी निकट भविष्य में आरंभ किया जाएगा। बैठक में अपर कलेक्टर पद्मिनी भोई, अरविंद एक्का, जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन, भिलाई निगम आयुक्त रोहित व्यास सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।




### पटवारी प्रतिवेदन कितने दिन से लंबित, होगी समीक्षा

कलेक्टर ने कहा कि पटवारी और आरआई के प्रतिवेदन समय पर मिलते रहें तो राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निराकरण हो जाता है। उन्होंने सभी एसडीएम को पंद्रह दिन से अधिक, एक महीने और दो महीने से अधिक लंबे समय तक प्रतिवेदन के लिए लंबित प्रकरणों की सूची देने कहा ताकि विलंब के कारणों के संबंध में जानकर इस संबंध में समुचित कार्रवाई की जा सके। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ने सबसे पहले राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। राजस्व अधिकारियों ने बताया कि राजस्व संबंधी समस्याओं के समुचित निराकरण के लिए राजस्व कैंप आयोजित किये जा रहे हैं जहां मौके पर ही लोगों की समस्या का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा रहा है।

### टैक्स बढ़ाएं, सुविधाएं बढ़ाएं

कलेक्टर ने कहा कि निगम का राजस्व बढ़ाने के लिए विज्ञापन आदि के माध्यम से अधिक राशि जुटाएं। साथ ही टैक्स कलेक्शन भी पूरी तरह होना चाहिए, इसकी लगातार मानिटरिंग करते रहें। कलेक्टर ने कहा कि शहर में मच्छरों के उन्मूलन की दिशा में भी काम होगा और इसके लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर ने नगरीय निकायों के अधिकारियों को वेंडिंग जोन बनाने के संबंध में हुई कार्रवाई पर भी जानकारी ली।

### घर के सामने दो पौधे लगाने का का करेंगे आग्रह

कलेक्टर ने कहा कि शहर की सुंदरता पौधों से हैं। हमारे शहर की सुंदरता हम सब की जिम्मेदारी है। मोर शहर मोर जिम्मेदारी के अंतर्गत हम सबसे अपने घर के सामने दो पौधे लगाने का आग्रह करेंगे। इसके लिए रेसीडेंशियल सोसायटी के लोगों के साथ मिलकर काम करना होगा। हर व्यक्ति घर के सामने अथवा अपने पार्क में पौधे लगाएगा तो हरियाली का दायरा स्वतः ही बढ़ जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि वे स्वयं इसके लिए रेसिडेंशियल सोसायटी के पदाधिकारियों से मिलेंगे।

### निकायों में बायो फ्लाक में पाली जाएंगी मछली

कलेक्टर ने कहा कि नगरीय निकायों के गौठान में ऐसी आजीविकामूलक गतिविधियां करनी हैं जिसमें बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन हो। इसके लिए बड़े पैमाने पर बायोफ्लाक लगाकर मछली पाली जा सकती है। बायोफ्लाक में बहुत कम जगह में बड़े पैमाने पर मछली का उत्पादन होता है। जो भी गतिविधि करें, बड़े पैमाने पर करें। इसके लिए हर संभव मदद की जाएगी।

## चावला परिवार द्वारा देहदान की घोषणा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** दो दिन पूर्व सिंधी कालोनी निवासी मीना चावला ने अपने देहदान की घोषणा की उन से प्रभावित हो आज उनके पति श्री सतीश चावला व पुत्र हिमांशु चावला ने अपने देहदान की घोषणा कर वसीयत नवदृष्टि फाउंडेशन के कुलवंत भाटिया,राज आढ़तिया,रितेश जैन को सौंपी, चावला परिवार की बहु संतोषी चावला वसीयत के साक्षी बनी। सतीश चावला ने कहा पत्नी के देहदान के निर्णय ने उन्हें व उनके पुत्र को बहुत प्रभावित किया व आज अपनी पत्नी का अनुसरण कर उन्हें गर्व हो रहा है अब उनके पुरे परिवार के इस दुनिया से जाने के बाद उनका शरीर समाज के हित में काम आएगा एवं उनका जीवन सार्थक होगा। नवदृष्टि फाउंडेशन के राज आढ़तिया ने कहा चावला परिवार ने समाज के लिए एक उदाहरण पेश किया है ताकि समाज उनसे प्रेरणा ले देहदान हेतु जागरूक हो सके अभी भी मेडिकल के छात्रों हेतु पर्याप्त केडेवर नहीं है और हमारी संस्था का प्रयास है की अधिक से अधिक लोग




देहदान हेतु जागरूक हों व भविष्य में हमें बेहतर परिणाम मिल सकें। जितेंद्र हासवानी ने कहा यदि कोई देहदान व् नेत्रदान पर कोई जानकारी चाहता है तो हमारे सदस्यों से सम्पर्क करे या 9826156000/9301219898 नंबर पर फोन कर जानकारी ले सकता है नवदृष्टि फाउंडेशन की ओर से अनिल बल्लेवार ,कुलवंत भाटिया,राज आढ़तिया, प्रवीण तिवारी,मुकेश आढ़तिया, हरमन दुलई,किरण भंडारी, रितेश जैन,जितेंद्र हासवानी,उज्जवल पींचा ,सत्येंद्र राजपूत,सुरेश जैन,राजेश पारख,पियूष मालवीय,विकास जायसवाल मुकेश राठी,प्रभु दयाल उजाला, सपन जैन,मोहित अग्रवाल ने चावला परिवार के निर्णय का स्वागत किया।

# भिलाई में अनाधिकृत निर्माण का हो रहा सर्वे, स्पॉट पर ही जारी हो रहा है नोटिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भवन अनुज्ञा के विपरीत निर्माण, मिली हुई स्वीकृति के विपरीत निर्माण, आवासीय प्रयोजन में व्यवसायिक निर्माण या बिना स्वीकृति के निर्माण को लेकर हमेशा चिंता बनी रहती है तथा कभी भी निगम द्वारा तोड़फोड़ होने की कार्यवाही का भय भी बना रहता है। परंतु अब इसकी समस्या छत्तीसगढ़ शासन ने दूर कर दी है ऐसे अनाधिकृत निर्माणों को अब नियमितीकरण कराया जा सकता है।**



नियमितीकरण होने के बाद निर्माणकर्ता राहत की सांस ले सकते हैं, परंतु अनाधिकृत निर्माण का नियमितीकरण नहीं कराने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि भिलाई निगम ने इसके लिए सर्वे करना प्रारंभ कर दिया है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अनाधिकृत निर्माण को लेकर ऐसे निर्माण कर्ताओं को नोटिस जारी किया जा रहा है। इसके लिए निगम के अधिकारी फील्ड में जाकर सर्वे कर रहे हैं और अनाधिकृत निर्माण जैसे कि प्रदाय स्वीकृति के विपरीत निर्माण, स्वीकृत प्रयोजन के विपरीत निर्माण, आवासीय प्रयोजन में व्यवसायिक संचालन, बिना स्वीकृति के निर्माण जो 14 जुलाई 2022 के पूर्व बने हुए निर्माण है इनका फील्ड में जाकर निरीक्षण किया जा रहा है। अनाधिकृत निर्माण पाए जाने पर तत्काल उन्हें स्पॉट पर ही नोटिस थमाया जा रहा है और नियमितीकरण के दायरे में लाने का काम किया जा रहा है। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अनाधिकृत निर्माण को नियमितीकरण कराने के लिए सभी जोन आयुक्त को टारगेट भी दिया है तथा नियमितीकरण के कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए हैं। अनाधिकृत निर्माण के सर्वे के दौरान आर्किटेक्ट भी मौजूद रहेंगे तथा ये नियमितीकरण कराने के लिए प्रक्रियाओं को पूर्ण करेंगे। आर्किटेक्ट की सूची प्राप्त करने के लिए भिलाई निगम की वेबसाइट की सहायता भी ली जा सकती है। अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिये भवन अनुज्ञा विभाग के उप अभियंता शहबाज अहमद के मोबाइल नंबर 9399414300 पर संपर्क किया जा सकता है। नियमितिकरण के लिए भिलाई निगम के किसी भी नजदीकी जोन या निगम मुख्य कार्यालय में शीघ्र आवेदन करना होगा। भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत मुख्य मार्ग, व्यवसायिक कांप्लेक्स का भी सर्वे किया जाएगा और अनाधिकृत निर्माण के लिए नोटिस जारी होगा। अनाधिकृत निर्माण को नियमितीकरण के दायरे में लाने के लिए भिलाई निगम द्वारा मुनादी तथा अन्य माध्यमों से प्रचारित किया जा रहा है।

दुनिया भर के 2 लाख लोगों में से सिर्फ150 को चुना गया इस अवार्ड के लिए

# लेखिका गरिमा को मिला गोल्डन बुक अवार्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** लेखन के क्षेत्र में भिलाई की लेखिका गरिमा प्रधान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्डन बुक अवार्ड के लिए चयनित हुई हैं। पुस्तक लेखन के लिए दिये जाने वाले इस इंटरनेशनल अवार्ड के लिए दुनिया भर से कुल 2 लाख लोगों ने प्रविष्टियां भेजी थी, जिसमें से केवल 150 को इस सम्मान के लिए चयनित किया गया।

इसमें प्रसिद्ध हैरी पॉटर लेखक जेके रोलिंग और रस्किन बॉन्ड



शामिल हैं जो अपनी पुस्तक-नीली छतरी के लिए प्रसिद्ध हैं। जिसमें शार्क टैंक इंडिया शो में शार्क की भूमिका अदा कर चुकी नमिता थापर और आध्यात्मिक व्यक्तित्व गौरांग गोपाल दास जैसे बहुचर्चित हस्तियों भी शामिल हैं। गरिमा को यह अवार्ड उनकी पुस्तक 'अ गर्ल दैट हैड टू बी स्ट्रांग' के लिए मिला है। इस किताब को रोलरकॉस्टर फिक्शन श्रेणी मैं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। उनकी यह किताब विफलता के बाद आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

गरिमा को इससे पहले हॉबी स्कोप इंडिया द्वारा वर्ष 2022 में 'भारत के 200 सबसे प्रेरणादायक लोगों से सम्मानित किया गया था, उनके उपन्यास को उकियोटो प्रकाशन द्वारा 2022 के लिए सर्वश्रेष्ठ 30 पुस्तकें' में शामिल किया गया था। गरिमा को वुमेन एक्सीलेंस अचीवमेंट अवार्ड 2020 व सेक्सी ब्रिलियंट अवार्ड 2020 भी मिल चुका है।

लेखिका गरिमा प्रधान ने अब तक 2 किताबें लिखी है। जिनमें पहली किताब 2017 में प्रकाशित हुई 'ब्रोकन इस द न्यू ब्यूटीफुल' शामिल है। मूल रूप से मध्य प्रदेश की रहने वाली गरिमा विवाहोपरांत भिलाई आ गई। यहां वह बतौर कंटेंट राइटर एक निजी फर्म में कार्यरत हैं।

## भिलाई को भी मिलेगा एयरटेल का 5जी प्लस नेटवर्क की सुविधा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** लोगों की भारी डिमांड को देखते हुए छत्तीसगढ के प्रमुख दो शहरों रायपुर और दुर्ग-भिलाई के लोगों के लिए अब अल्ट्राफास्ट एयरटेल 5जी प्लस सेवाएं उपलब्ध होगी। ये सभी 5जी स्मार्ट फोन पर काम करेगा, तेज गति व सबसे अच्छी आवाज की गुणवत्ता प्रदान करेगा और साथ ही पर्यावरण के अनुकूल होगा। सिम को बदलने की जरूरत नहीं, मौजूदा एयरटेल 4जी सिम, 5जी इनेबल्ड है। भारत की अग्रणी टेलिकम्युनिकेशन सर्विस प्रोवाइडर भारती एयरटेल ने आज रायपुर और दुर्ग-भिलाई में अपनी अत्याधुनिक 5जी सेवाओं के शुरू करने की घोषणा की।

जैसे जैसे कंपनी अपने नेटवर्क का निर्माण और रोल आउट पूरा कर रही है, एयरटेल 5जी प्लस सेवाएं चरणबद्ध तरीके से ग्राहकों के लिए उपलब्ध होंगी। 5जी- सक्षम डिवाइस वाले ग्राहक बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के तेज़ एयरटेल 5जी प्लस नेटवर्क का उपयोग तब तक कर सकते हैं जब तक कि रोलआउट अधिक व्यापक न हो जाएं। एयरटेल की 5 जी सेवाएं वर्तमान में जहां रायपुर के पंडरी, जवाहर चौक, मोवा-सद्दू, गोल बाजार, शंकर नगर-अशोका रत्न, भनपुरी, उरला, राजा तालाब, भाटागांव, आरडीए कॉलोनी, वाल फोर्ट कॉलोनी, संतोषी नगर, समता कॉलोनी, गुढ़ियारी में उपलब्ध रहेगी। वहीं दुर्ग-भिलाई के इस्पात नगर, टीआई मॉल, सेक्टर 7, सुभाष चौक, कोहका चौक, तिरंगा चौक, प्रियदर्शिनी परिसर, खुर्शीपार, शारदापारा कैंप 2, रामनगर रोड में उपलब्ध होगी।

सड़क और नाली निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण हो, लापरवाही न बरतें ठेकेदार: विधायक

# शहर में विकास कार्यों की झड़ी: 13 वार्डों में 1 करोड़ 55 लाख के कार्यों का विधायक एवं महापौर ने किया भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार विधायक अरुण वोरा और महापौर धीरज बाकलीवाल ने सड़क डामरीकरण कार्य का उरला मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय के करीब भूमिपूजन किया गया। इसके लिए वार्ड नागरिको के अलावा राहगीरों के लिए सुगम आवागमन में मदद मिलेगी। साथ ही सड़क डामरीकरण व सीमेंटीकरण की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।**



वार्ड क्रमांक 1 में सड़क व नाली निर्माण,वार्ड क्रमांक 2 में नाली निर्माण कार्य, वार्ड 3 सड़क निर्माण कार्य,वार्ड 4 सड़क व नाली निर्माण कार्य,वार्ड क्रमांक 5 सड़क निर्माण कार्य,वार्ड 6 सड़क व नाली निर्माण कार्य,वार्ड 7 नाली निर्माण कार्य,वार्ड 8 सड़क व नाली निर्माण कार्य,वार्ड 13 सड़क व नाली निर्माण कार्य,वार्ड क्रमांक 55 नाली निर्माण कार्य,वार्ड 56 में डब्ल्यू बी एम एवं नाली निर्माण के अलावा वार्ड क्रमांक 57 सड़क एवं नाली निर्माण कार्य और वार्ड 58 में नाली निर्माण कार्य के अलावा महापौर निधि से चुंडन,मुंडन भवन कार्य होगा।13 वार्डों के क्षेत्र में विकास कार्य के लिए 1 करोड़ 55 लाख से सड़क और नाली के लिए स्थानीय पार्षद एवं क्षेत्रवासियों ने विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल का आभार प्रकट किया।शहर के नागरिकों के लिए एक सौगात का दिन है और आने वाले समय में नागरिकों को व्यवस्थित व नई सड़क की सौगात मिलेगी। इससे नागरिक सुरक्षित एवं सुगम आवागमन कर सकेंगे। विधायक ने कहा कि वार्डों में एक समान रूप से लगातार विकास के कार्य कराए जा रहे हैं। इस अवसर पर सभापति राजेंश यादव, लोक कर्म प्रभारी अब्दुल गनी,संजय कोहले, दीपक साहू,भोला महोबिया, जमुना साहू,अनूप चंदनिया, मनदीप सिंह भाटिया, मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष अलताफ़ अहमद,पार्षद नरेंद्र बंजारे,पार्षद बृजलाल पटेल,ज्ञानदास बंजारे, काशीराम रात्रे, खिलावन मटियारा,एल्डरमेन श्रीमती रत्ना नारमदेव,जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष कन्या ढीमर,कार्यपालन अभियंता राजेश पांडेय,सहायक अभियंता आरके पालिया, उपअभियंता राजेन्द्र ढबाले सहित बड़ी संख्या में वार्डनागरिकों की उपस्थिति में किया गया।भूमिपूजन के दौरान विधायक ने कहा कि क्षेत्र वासियो द्वारा लगातार मांग की जा रही थी।महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा जर्जर हो चुकी सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण होने से लोगो को राहत मिलेगी।वही इससे उन्हें आने जाने में सुविधा होगी और समय की बचत होगी।

लोगो को बरसात में होने वाली परेशानियों से निजात मिलेगी।विधायक व महापौर ने कहा कि सड़क मार्ग पर बहुत ज्यादा जर्जर हैं जिससे आवागमन में आम जनता को और गाड़ियों को आने-जाने में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।आम जनता की परेशानियों को देखते हुए सड़क को दुरुस्त करते हुए सड़क निर्माण का कार्य जल्द प्रारंभ किया जाएगा।

## महिला कांग्रेस नेत्री श्वेता मिश्रा व एनएसयूआई प्रदेश महासचिव आकाश कनोजिया का हुआ सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। लगातार महाविद्यालय हित में कार्य करने का मिला पुरुस्कार कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने अपना 49वां वार्षिक स्नेह सम्मेलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भिलाई विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल भिलाई नगर निगम, स्वास्थ्य और स्वच्छता अधिकारी लक्ष्मीपति राजू और वरिष्ठ पार्षद वशिष्ठ नारायण मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित थे।**



देवेंद्र यादव द्वारा अपने कथन में इस बात से अवगत कराया गया की कल्याण कॉलेज 17 एकड़ के विशाल प्रांगण के साथ शिक्षा के स्तर पर अपनी उपलब्धियों को लगातार निखार रहा है।

इस महाविद्यालय की स्थापना 29 जुलाई 1963 केंद्रीय इस्पात मंत्री नीलम संजीवा रेड्डी द्वारा भिलाई के कर्मचारियों और उनके बच्चों के शिक्षा के विकास के लिए की गई थी परंतु उसने अपने पहचान के अनुरूप विभाजित मध्य प्रदेश और अन्य प्रदेशों में भी अपनी छाप छोड़ी यहां से शिक्षा प्राप्त किए। छात्र विदेशों में भी इस शहर और प्रदेश का नाम रोशन करते आए हैं। यह महाविद्यालय शिक्षा के अलावा अपने छात्रों को जीवन में सामाजिक उत्थान सामाजिक न्याय और सामाजिक मूल्यों के साथ जीने के तरीके भी सिखाता आ रहा है।

इस अवसर पर कल्याण महाविद्यालय द्वारा प्रशंसनीय कार्य के लिए कांग्रेस प्रदेश महासचिव श्वेता मिश्रा और एन,एस,यू,आई प्रदेश संयुक्त महासचिव आकाश कनौजिया के कार्यों की सराहना करते हुए प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। श्वेता मिश्रा द्वारा विधायक देवेंद्र यादव की जन्म दिवस के अवसर पर कल्याण कॉलेज नेम महिलाओं की तकलीफों को देखते हुए सेनेटरी पैड एटीएम मशीन को लगवाया गया था। इसी कड़ी में आकाश कनौजिया द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया था जो छात्रों द्वारा शहर के नागरिकों के स्वास्थ्य लाभ के लिए उपयोग में लाया जा सके।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950